भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 345 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 31 दिसम्बर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## दो दिन की पुलिस हिरासत में कालीचरण महाराज, छत्तीसगढ़ पुलिस ने खजुराहो से किया था गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर की एक अदालत ने कालीचरण महाराज को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। कालीचरण महाराज पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप है। इससे पहले गुरुवार को छत्तीसगढ़ पुलिस ने रायपुर की अदालत में कालीचरण महाराज को पेश किया था। बता दें कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में छत्तीसगढ़ की रायपुर पुलिस ने कालीचरण महाराज को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के खजुराहो में दबिश देकर गिरफ्तारी को अंजाम दिया था। कालीचरण के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद रायपुर पुलिस के तीन दल उनकी तलाश में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और दिल्ली में डेरा डाले हुए थे। रायपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि कालीचरण उर्फ अभिजीत धनंजय सराग मध्य प्रदेश में खजुराहो शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर बागेश्वर धाम के पास एक किराए के मकान में रह रहा था।

# यूपी में सभी दल समय पर चुनाव चाहते हैं : मुख्य चुनाव आयुक्त



**लखनऊ।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सुशील चंद्रा ने गुरुवार को कहा कि लखनऊ दौरे के दौरान उनसे मिलने वाले सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने विधानसभा चुनाव सभी कोविड -19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए समय पर कराए जाने की मांग की है। यह इस बात का संकेत है कि चुनावी राज्यों में चुनाव स्थगित नहीं होंगे। अपने तीन दिवसीय दौरे के अंत में मीडिया को संबोधित करते हुए, सीईसी सुशील चंद्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब 52.08 लाख नए मतदाता हैं जो आगामी विधानसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाताओं की संख्या में वृद्धि और मौजूदा महामारी की स्थिति को देखते हुए, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए 11,000 और मतदान केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है कि भीड़ न हो। इसके साथ, मतदान कर्मियों की संख्या में भी वृद्धि होगी। हम राज्य भर में मतदान केंद्रों पर भीड़ को रोकने के लिए मतदान का समय भी एक घंटे बढ़ा रहे हैं। सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या पहले के 1,500 के बजाय घटाकर 1,250 कर दी गई है। सीईसी ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों ने कहा कि महामारी को देखते हुए रैलियों की संख्या सीमित की जानी चाहिए और कुछ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाए।

उन्होंने कहा, ₹हमें अधिकारियों के पक्षपाती होने की कुछ शिकायतें मिलीं और हमने सभी शिकायतों और सुझावों को नोट कर लिया है। उन्होंने आगे कहा कि जागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप लगभग 28.86 लाख नई महिला मतदाताओं का नामांकन हुआ है, जो पुरुषों की तुलना में पांच लाख अधिक है। उन्होंने कहा, ₹महिला मतदाताओं का लिंगानुपात भी 2017 में 839 से बढ़कर 2021 में 868 हो गया है।₹ सीईसी ने कहा कि मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी और उन्हें पोस्टल बैलेट का विकल्प भी दिया जाएगा, जिसकी सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी। हमने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने और मतदाताओं के लिए पानी, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, रैंप और व्हील चेयर की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों का पूर्ण टीकाकरण किया जाएगा, जबकि मतदान केंद्रों पर थर्मल स्कैनर, मास्क, सैनिटाइजर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा, ₹हमने अधिकारियों से बात की है और उन्हें टीकाकरण को तेज करने के लिए कहा है ताकि चुनाव के समय तक योग्य आबादी का टीकाकरण हो सके। चुनाव आयोग इस बार हर विधानसभा क्षेत्र में 10 मॉडल बूथ भी बनाएगा। चंद्रा ने कहा कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति के बारे में चर्चा की और उनसे मतदाताओं, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त महिला पुलिसकर्मी तैनात की जाएंगी। उन्होंने कहा, ₹हमने अन्य एजेंसियों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि चुनाव के दौरान पैसे और शराब या किसी अन्य मुफ्त चीजों का वितरण न हो।

## मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा का बड़ा बयान, बोले- कभी भी निरस्त किया जा सकता है एफएसपीए

**शिलॉन्ग।** केंद्र सरकार ने नागालैंड में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अत्र्रढअ) की अवधि को गुरुवार को और छह महीने के लिए बढ़ा दिया। केंद्र ने नागालैंड की स्थिति को ह्यअशांत और खतरनाक बताया है। केंद्र के इस फैसले पर लोगों से मिलीजुली प्रतिक्रिया रही है। लेकिन इस बीच मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने भरोसा जताया है कि सही परिस्थितियों के साथ



एफएसपीए को अभी भी निरस्त किया जा सकता है। एक खास बातचीत के साथ खास बातचीत में कहा, ₹मुझे यकीन है कि जब ऐसी स्थिति आती है जहां समीक्षा की जाती है, और वे वास्तव में निर्णय लेने में सक्षम होते हैं, तो इसे रद्द कर दिया जाना चाहिए। भले ही नागालैंड में छह महीने का विस्तार हुआ हो, फिर भी इसे निरस्त किया जा सकता है।ह्व मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने कहा कि अत्र्रढअ की अवधि बढ़ाना सिर्फ एक नियमित प्रक्रिया थी। हालांकि उन्होंने कहा कि, ₹एक बार जब वह प्रस्ताव, या समीक्षा समिति इस पर गौर करती है, तो पैनल इसे देखता है, मुझे यकीन है कि इसके बारे में अलग से फैसला सामने आएगा। केंद्र सरकार ने आज एक अधिसूचना में कहा, ₹केंद्र सरकार की राय है कि पूरे नागालैंड राज्य को शामिल करने वाला क्षेत्र इतनी अशांत और खतरनाक स्थिति में है कि सिविल पावर की सहायता के लिए सशस्त्र बलों का इस्तेमाल आवश्यक है।₹ इसमें कहा गया है कि अधिनियम की धारा 4 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ₹केंद्र सरकार घोषित करती है कि 30 दिसंबर, 2021 से पूरे नागालैंड राज्य को छह महीने की अवधि के लिए 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी की रैली के साथ पंजाब में शुरू होगा भाजपा का चुनावी अभियान



**नई दिल्ली।** पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के साथ भाजपा अपने चुनावी अभियान की शुरूआत करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए वर्ष के पहले सप्ताह में 5 जनवरी को पंजाब में रैली करेंगे।

5 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी पंजाब के फिरोजपुर में पीजीआई सैटेलाइट सेन्टर की नींव रखने जा रहे हैं। इसके बाद पीएम एक रैली को भी संबोधित करेंगे। तीनों कृषि कानूनों की वापसी और किसानों के आंदोलन के स्थगित होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की पंजाब में यह पहली रैली होगी। पंजाब में अकाली दल से अलग होकर पहली बार चुनाव लड़ने जा रही भाजपा के चुनावी अभियान को पीएम मोदी की इस रैली से गति मिलने का दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी की इस रैली में भाजपा के सहयोगी दल पंजाब लोक कांग्रेस के अमरिंदर सिंह और शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के सुखदेव सिंह ढींढसा भी मौजूद रहेंगे। जाहिर सी बात है कि इस रैली के जरिए भाजपा राज्य में अपनी और अपने गठबंधन की ताकत को लेकर पंजाब के मतदाताओं को एक बड़ा संदेश देने की कोशिश करेगी।

आपको बता दें कि, भाजपा पंजाब में अमरिंदर सिंह और सुखदेव सिंह ढींढसा की पार्टी के साथ गठबंधन कर पहली बार राज्य में बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ने जा रही है। गठबंधन में सीट बंटवारे का फॉमूर्ला तय करने और संयुक्त घोषणा पत्र बनाने को लेकर ड्राफ्ट तैयार करने के लिए 28 दिसंबर को तीनों दलों के 2-2 नेताओं को शामिल कर एक 6 सदस्यीय संयुक्त कमेटी का भी गठन किया गया था। इस संयुक्त कमेटी की सिफारिशों के आधार पर ही भाजपा गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीटों का बंटवारा कर चुनावी मैदान में उतरेगी।

गहलोत का बीजेपी पर हमला.......

## यूपी में मोदी-शाह जितना प्रचार करेंगे, जीत की संभावना उतनी कम होगी

**जयपुर।** पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पक्ष-विपक्ष जमकर एक दूसरे पर हमलावर है। इस बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर हमला किया है। उन्होंने आज कहा कि उत्तर प्रदेश में पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जितना अधिक प्रचार करेंगे, भाजपा के जीतने की संभावना उतनी ही कम होगी। इतना ही नहीं सीएम गहलोत ने हाल ही में हरिद्वार और रायपुर में धर्म संसद के मुद्दे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया और पूछा कि प्रधानमंत्री ने इस तरह के कृत्यों की निंदा और अपील क्यों नहीं की? उत्तर प्रदेश में भाजपा के चुनाव प्रचार पर टिप्पणी करते हुए



गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने सभी काम छोड़कर उत्तर प्रदेश में डेरा डाल दिया है। उन्होंने कहा, ₹उन्हें पहले पश्चिम बंगाल में हार का सामना करना पड़ा और मुझे लगता है कि वे जितना अधिक प्रचार करेंगे, उनके जीत की संभावना उतनी ही कम होगी क्योंकि लोग सब कुछ समझते हैं। नफरत भरे भाषणों पर पीएम की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए गहलोत ने कहा, ₹प्रधानमंत्री का संदेश मायने रखता है। प्रधानमंत्री अपील क्यों नहीं करते हैं। उन्हें धर्म संसद में जो हुआ उसकी निंदा करनी चाहिए थी।₹ उन्होंने कहा कि एक तरफ आप गांधी को अपना रहे हो और एक तरफ गांधी के बारे में जो लफ्ज काम में लिए गए, फिर भी कुछ नहीं बोल रहे हो, तो ये दो बातें नहीं चल सकती हैं।

## मुंबई में हाई अलर्ट, हमला कर सकते हैं खालिस्तानी आतंकी

### सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द



**मुंबई (एजेंसी)।** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन संकट के बीच एक बार फिर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई एक बार फिर आतंकियों के साये में है। इसे देखते हुए सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

एक समाचार एजेंसी ने मुंबई पुलिस के हवाले से बताया कि सूचना मिली थी कि खालिस्तानी तत्व शहर में आतंकवादी हमले कर सकते हैं, जिसके बाद मुंबई पुलिस अलर्ट पर है। मुंबई पुलिस के मुताबिक कल सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां और साप्ताहिक छुट्टिया रद्द कर दिए गए हैं और मुंबई में तैनात प्रत्येक पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे। मुंबई रेलवे पुलिस आयुक्त कैसर खालिद ने कहा कि मुंबई में अलर्ट के मद्देनजर शहर के प्रमुख स्टेशन, दादर, बांद्रा चर्चगेट, सीएसएमटी, कुर्ला और अन्य स्टेशनों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कल 3000 से अधिक रेलवे अधिकारी तैनात किए जाएंगे।

एबीपी न्यूज में छपी एक रिपोर्ट में गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल के हवाले से कहा गया कि मुंबई समेत महाराष्ट्र में पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रहने वाला है। मुंबई में वहीं, मुंबई में कोविड-19 की तीसरी लहर नजर आने लगी है। शहर में कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वेरिएंट का प्रभाव भी बढ़ा है। जिसके बाद अब एहतियात के तौर पर मुंबई पुलिस ने यहां धारा 144 लागू कर दिया है। अब यहां एक साथ चार लोगों के जमा होने पर मनाही है। जाहिर है इस बार मुंबई में नए साल का जश्न फीका रहेगा। मुंबई में धारा 144, 7 जनवरी तक लागू रहेगा। अब यहां नए साल के मौके पर इनडोर और आउटडोर जश्न पर पाबंदी रहेगी।

## जिन्ना-जिन्ना चिल्लाकर दंगा कराना चाहते हैं अखिलेश, सम्मेलन में स्वतंत्र देव सिंह ने विपक्ष पर साधा निशाना

**मंझनपुर, कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जिन्ना-जिन्ना चिल्लाकर अखिलेश यादव यूपी में दंगा कराना चाहते हैं। अखिलेश अपने इस मकसद में कामयाब नहीं होंगे, क्योंकि योगीराज से संतुष्ट हिंदू-मुस्लिम अब आपस में लड़ने के बजाए गरीबी और बेरोजगारी से लड़ेंगे। उन्होंने राहुल गांधी के साथ बहुजन समाज पार्टी पर भी निशाना साधा। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार को भरवारी स्थित केपीएस कॉलेज ग्राउंड में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी राज में भ्रष्टाचार, गुंडाराज का खात्मा हुआ है।

# महाराष्ट्र में टूटा ओमिक्रॉन का कहर, 198 नए मामले आए सामने, कुल संख्या हुई 450



**मुंबई।** देशभर में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। इस संक्रमण का सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र में दिखाई दे रहा है। इसी बीज महाराष्ट्र में आज यानी 30 दिसंबर को ओमिक्रॉन मामलों में भारी बढ़तरी देखी गई है। राज्य में आज ओमिक्रॉन के 198 नए मामले सामने आए हैं।

ऐसे में राज्य में इसकी कुल संख्या बढ़कर 450 हो गई है। इसके अलावा अब तक 125 रोगियों को आरटी-पीसीआर परीक्षण के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन 198 मामलों में से 190 अकेले मुंबई से सामने आए हैं। यह मामले तब दर्ज किए गए जब महाराष्ट्र ने 5,368 नए कोविड मामले दर्ज किए हैं, जिसमें मुंबई से 3,671 शामिल हैं। यह जानकारी बृहन्मुंबई नगर निगम ने दी है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने गुरुवार को कहा कि लगभग 4,000 मामलों के साथ मुंबई की सकारात्मकता दर बढ़कर 8.48% हो गई है।

## दिल्ली में कोरोना के नए मामलों ने तोड़ा 7 महीने का रिकॉर्ड, संक्रमण दर में भी आया उछाल

**नई दिल्ली।** ओमिक्रॉन की दस्तक के साथ ही देश एक बार फिर कोरोना की चपेट में आता दिख रहा है। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को कोरोना के नए मामलों ने बीते सात महीने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बीते 24 घंटों को दौरान राजधानी में 1313 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इससे पहले 25 मई को तकरीबन इतने ही केस सामने आए थे। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, बुधवार को 75953 लोगों के कोरोना टेस्ट हुए जिसमें से 1313 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इस दौरान संक्रमण दर 1.73 फीसदी रही। इसके साथ ही राजधानी में अब एक्टिव कोरोना मरीजों की संख्या 3081 हो गई है। हालांकि राहत की बता यह रही कि बीते 24 घंटे में किसी भी कोरोना मरीज की मौत नहीं हुई। वहीं, 423 मरीज संक्रमण से ठीक हो गए। इस दौरान आरटीपीसीआर से 68,590 और रैपिड एंटीजन से 7363 टेस्ट हुए।

## कालीचरण की गिरफ्तारी के 'तरीके' पर भड़के एमपी के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, सीएम भूपेश बघेल ने पूछा- खुश हैं या दुखी?



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित धर्म संसद में महात्मा गांधी पर अपमानजनक टिप्पणी व नाथूराम गोड़से को प्रणाम करने वाले कालीचरण महाराज की गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश सरकार में ठन गई है।

मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने एमपी को सूचना दिए बगैर कालीचरण की गिरफ्तारी को संघीय ढाचे के खिलाफ बताया तो इधर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने गिरफ्तारी को जायज ठहराया है। सीएम भूपेश बघेल ने कालीचरण की गिरफ्तारी पर लिखा कि न्याय में इतना विलम्ब नहीं होना चाहिए कि वो अन्याय लगने लगे। बघेल ने विधिक प्रावधान की तहत कालीचरण की गिरफ्तारी की बात कही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि नरोत्तम मिश्राजी यह बताएं कि महात्मा गांधी को गाली देने वाले की गिरफ्तारी से वे खुश हैं या दुखी...। सीएम बघेल ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए ट्वीट के जरिए कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने कालीचरण महाराज के परिवार और वकील को उनकी गिरफ्तारी की सूचना दे दी है। 24 घंटे के अंदर उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय व खंड स्तरीय बैठक कल

**रत्योरा।** भारतीय किसान संघ प्रयागराज जिला इकाई एवं खंड स्तरीय बैठक एक जनवरी को नगर पंचायत कोरांव के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में आयोजित की गई है। बैठक में सभी खंड के पदाधिकारियों एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षित की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संघ के जिलाध्यक्ष महानारायण सिंह ने सभी जिला कमेटी के पदाधिकारियों एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। जिलाध्यक्ष महा नारायण सिंह ने बताया कि बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा एवं संगठन की गतिविधियों पर आपसी विचार विमर्श और मंथन किया जाएगा। साथ ही पत्रकार वार्ता कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

# कोरांव ट्रक चालक की रीवां जनपद के मार्ग दुर्घटना में हुई मौत

## कोरांव पुलिस ने पीएम के लिए भेजा शव

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के मैलहा गांव के ट्रक ड्राइवर की मध्य प्रदेश के रीवा जनपद गढ़ कटरा मार्ग दुर्घटना में मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक वाजिद अली पुत्र अजीमुद्दीन उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी मैलहा थाना कोरांव कोरांव थाना क्षेत्र के बाधी छिपिहा निवासी रबी पटेल की ट्रक चलाता था।बीतीरात बुधवार शाम को वाजिद अली कोरांव थाना क्षेत्र के पांडेय का मड़हा से ट्रक पर एमपी से आए लेबरों की धान लादकर श्रमिकों को बैठाकर मध्य प्रदेश जा रहा था। ट्रक रीवा जनपद के गढ़ कटरा में जैसे पहुंची वैसे ही ट्रक का पहिया पंचर हो गया। ट्रक चालक वाजिद अली ट्रक के नीचे बैठकर पंचर पहिया खोल रहा था। इसी बीच पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे खड़े ट्रक के पहिए के नीचे दब जाने से वाजिद अली बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल वाजिद अली को उपचार उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया जहां से साथ रहे ट्रक मालिक रवि पटेल ने घायल वाजिद अली को इलाहाबाद के लिए रेफर करा लिया। रास्ते में ही नारी बारी बाजार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उक्त हादसा गुरुवार सुबह 10 बजे के आसपास का बताया जा रहा है। चिकित्सकों के मृत घोषित करने के बाद ट्रक मालिक रबी पटेल मृतक को टेंपो वाहन के जरिए घर भेजवा दिया। ट्रक मालिक को साथ में आने को लेकर भी तरह-तरह की चचाएं हो रही है। सायं जैसे ही शव घर पहुंचा परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची कोरांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी गौरव रमेश चौबे ने गढ़ कटरा के थाना प्रभारी से वार्ता की जिस पर उन्होंने बताया कि मामला पंजीकृत किया जा रहा है पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मृतक वाजिद अली की दो शादियां हुई थी पहली पत्नी से दो बच्चे हैं जो बाहर रहते हैं ।दूसरी पत्नी शकीला बेगम है जिससे कुल 4 बच्चे हैं। हादसे में मौत को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही है।



घटना के बाद जमा लोगों की भीड़ व पुलिस

## प्रतियोगी छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों में मचा कोहराम

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के खरकौनी इलाके में एक प्रतियोगी छात्र अपने जीवन में नाकामयाब होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर पंचनामा भर शव को परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक चित्रकूट के मऊ थाना क्षेत्र स्थित मसौधा गांव निवासी शत्रुघ्न सिंह (32) नैनी कोतवाली क्षेत्र के खरकौनी इलाके में कमरा किराए पर लेकर प्रतियोगी पढ़ाई की तैयारी कर रहे थे। बताया जाता है कि वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो रहे थे। जिससे वह बीते कई दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे। गुरुवार को शत्रुघन सिंह किराए के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की कार्रवाई शुरू की, तभी सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक उन्होंने बताया कि प्रतियोगी छात्र अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पा रहा था। जैसा कि बरामद सुसाइड नोट में दशार्या गया है। इसी डिप्रेशन में कई दिनों से वह डिप्रेशन में चल रहा था और वह आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर सौंप दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के बलुहा टिकुरी गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि हंसराज पाल (33) पुत्र शुकुरू पाल निवासी लूतर बुधवार शाम प्रयागराज से घर वापस आ रहा था जैसे ही वह बलुहा टिकुरी गांव के समीप पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर मेजारोड चौकी प्रभारी मनीष कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच मामले की जानकारी परिजनों को देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। गुरुवार शाम मृतक युवक का शव जब घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।

## धोखाधड़ी से करा लिया बैनामा, रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग

**कोरांव।** कोरांव में इन दिनों धोखाधड़ी के मामले बहुत प्रकाश में आ रहे हैं। ऐसा ही एक और मामला ग्राम बलापुर पैंतिहा में देखने को मिला। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बलापुर निवासी दुर्गेश कुमार सिंह अधिवक्ता ने एस एस पी प्रयागराज को लिखित शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि श्रीमती रामदेइया पत्नी स्वर्गीय सुखलाल के सगे चाची जायेज वारिस देखभाल कर्ता दुर्गेश सिंह आदि भ्राता हैं। भूखंड संख्या 240 ग्राम बला पुर तथा पैंटिहा की भूखंड संख्या 110 पर दुर्गेस आदि का मकान कूप आदि बना है तथा कब्जा दखल है। किंतु विजय बहादुर सिंह गाड़ी तथा रामधनी पाल आदि ने 29 नवंबर 2021 को विश्वास घात करके उपनिबंधक कोरांव के यहां बैनामा करा लिया। जो संगीन अपराध है। 6 दिसंबर को रामदेईया ने सारी कहानी भतीजों से बताई। और प्रथिमिकी दर्ज कराने गई किंतु केस दर्ज नहीं हुआ। उक्त मामले में धोखाधड़ी का केस मुलजिमानों विश्वास घाती लोगों के विरुद्ध दर्ज किए जाने की मांग डी आई जी प्रयागराज से की है।

# मेजा तहसील में तैनात लेखपाल की मौत, घर में मचा रहा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा तहसील में तैनात लेखपाल धीरेंद्र कुमार की किराए के कमरे में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। गुरुवार की सुबह कमरे में शव की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच की लेकिन अभी यह साफ नहीं हो सका कि मौत का कारण क्या है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लेखपाल धीरेंद्र कुमार कौशांबी जनपद में कोखराज इलाके में अहिरारा गांव निवासी शारदा प्रसाद के पुत्र थे। उनकी दो साल से प्रयागराज के मेजा तहसील में तैनाती थी। मौजूदा समय में उनके प्रभार में मांडा ब्लाक का प्रयागपुर ग्राम सभा था। वह मेजा कस्बे में किराए पर कमरा लेकर रहते थे। गुरुवार सुबह वह देर तक नहीं निकले और फोन काल भी रिसीव नहीं की तो साथी कर्मचारियों को संदेह हुआ। कमरे में जाकर देखने पर वह मृत मिले तो सभी सन्न रह गए। इस बारे में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दी गई। मौके पर एसडीएम और मेजा पुलिस पहुंची। कमरे का मुआयना किया गया। फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है कि मृत्यु की वजह क्या है। पुलिस का कहना है कि शव के निरीक्षण से कुछ स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम होने पर ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार के लोग कौशांबी से मेजा पहुंच गए। रोते बिलखते परिवार के लोग भी इस आकस्मिक घटना से बदहवास हैं। पुलिस का कहना है कि अभी तो यह हार्ट अटैक का मामला लग रहा है क्योंकि कोई और वजह सामने आई नहीं है।



मौत के बाद घर पर पुलिस व लोगों की भीड़

## भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त हैं गरीब व किसान : रामजन बेंजाम

**रत्योरा।** मौजूदा भाजपा सरकार की नीतियों से देश व प्रदेश का किसान एवं गरीब जनता पूरी तरह से त्रस्त है। सरकार ने बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा नौकरी देने का वादा किया था किंतु किए गए वादे से भाजपा सरकार मुकर रही है। यह बातें छत्तीसगढ़ से विधायक व विधान सभा पर्यवेक्षक रामजन बेंजाम ने कोरांव के कांग्रेश प्रतिज्ञा यात्रा में शामिल भारी संख्या में लोगों को संबोधित करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कमरतोड़ महंगाई लगातार डीजल पेट्रोल के दामों एवं रसोई गैस में हो रही बढ़ोतरी से देश का किसान व गरीब अपने आप को असहाय व निरीह समझने लगा है। कांग्रेसियों ने मौजूदा सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए जो सरकार निकम्मी है। विधानसभा पर्यवेक्षक व छत्तीसगढ़ से विधायक रामजन बेंजाम के आगमन पर विधानसभा कोरांव के कांग्रेश पार्टी के कार्यकताओं ने सर्वप्रथम खीरी व रत्योरा बाजार में भव्य स्वागत किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव प्रभारी वसीम अंसारी, जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश शुक्ला उर्फ बबलू शुक्ला, संभावित उम्मीदवार, रजनीश विश्राम दास, आसाराम मिश्र, दिनेश चौधरी, जैकी कोल, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, संतोष दुबे आदि रहे।



## 15 वर्षों मे भी नही बन सका रस्तीपुर-हसनपुर संपर्क मार्ग

**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र के जंघई बरना संपर्क मार्ग से जुड़ने वाली सड़क जो कि रस्तीपुर गांव से हसनपुर होते हुए नीभापुर जौनपुर जिले मे मिलती है ।जो कि 15 वर्ष पूर्व 2006 मे जिला पंचायत प्रयागराज द्वारा पेंटिंग कार्य प्रस्तावित था परंतु सड़क पर गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया था और आज तक सड़क नही बनी ।जिस पर लोग फिसलकर चुटहिल हो रहे है बार बार ग्रामीणों ने सड़क को काली कराने की मांग प्रशासन से किया ताकि आवागमन सुचारू रुप से हो सके परंतु प्रशासन या जन प्रतिनिधियों का ध्यान नही जा रहा है ।जिसके कारण आम नागरिकों मे रोष व्याप्त है लोगो के मन मे यही सवाल है आखिर कब बनेगी सड़क ।समाजसेवी विशाल सिंह राजपूत ने सड़क बनवाने हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष कुंवर वीके सिंह को प्रार्थना पत्र दिया है ताकि आवागमन करने वाले ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और आवागमन सुचारू रुप से हो सके।

## न्यूज झरोखा

### प्रयागराज में इलेक्ट्रिक बसों का किया शुभारंभ, हरि झंडी दिखाकर किया क्षेत्र के लिए रवाना



**नैनी।** प्रयागराज सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड प्रधानमंत्री भारत सरकार के निर्देशन में उत्तर प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के सौजन्य से फेम योजना के अंतर्गत नगर विकास विभाग द्वारा प्रयागराज शहर में प्राप्त इलेक्ट्रिक बसों को मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी जी ने इलेक्ट्रॉनिक बसों का किया शुभारंभ, हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र के लिए रवाना किया। इस अवसर पर महापौर प्रयागराज अभिलाषा गुप्ता नन्दी, संसाद फूलपुर केशरी देवी पटेल जी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, विधायक प्रवीण पटेल, जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती, जिलाध्यक्ष गंगापार अश्विनी द्विवेदी, दक्षिणी विधानसभा प्रभारी भाजपा अनिल तिवारी, अध्यक्ष गणेश केसरवानी, नगर आयुक्त प्रयागराज रवि रंजन, पूर्व अध्यक्ष नर सिंह, वरिष्ठ नेता रवि मिश्रा, कार्यालय मंत्री राजन शुक्ला, नामित पार्षद अनूप मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष अनिल भट्ट व दिलीप केसरवानी, क्षेत्रीय सदस्य युवा मोर्चा हर्ष केसरी, श्रम प्रकोष्ठ सह-संयोजक रवि शुक्ला, वरिष्ठ नेता डॉ० एल. एस. ओझा, मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता श्रीवास्तव, मयंक यादव, रेहान खान, तौशीफ अहमद, रामजी मिश्रा, जोनल अधिकारी एस. के. सिंह, अभिषेक आर्या आदी लोग उपस्थित रहे ।

### अंकीय दक्षता व बुनियादी शिक्षा महत्वपूर्ण

**हमारा आंगन-हमारे बच्चे विषयक कार्यशाला का आयोजन**



**शंकरगढ़।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मद्देनजर गुरुवार को वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस वर्कशाप में आधारभूत साक्षरता के प्रथम सोपान के रूप में अंकीय दक्षता, बुनियादी शिक्षा का महत्व समझाया गया। बीआरसी सभागार शंकरगढ़ में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ क्षेत्र की पंचायत प्रमुख निर्मला देवी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप जलाकर किया। खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह ने चीफ गेस्ट प्रमुख निर्मला देवी का स्वागत किया। उन्होंने उक्त वर्कशाप के आयोजन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके अलावा बीईओ ने बेसिक शिक्षा विभाग की नीतियों, कार्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में प्री-प्राइमरी एजुकेशन एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यों, बालवाटिका, आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं, शिक्षा की जानकारी दी और इसमें अभिभावकों की भूमिका पर चर्चा की गई। इस वर्कशाप में ब्लाक की सुपरवाइजर बहनें, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, नोडल, शिक्षक संकुल, नोडल शिक्षक, सभी एआरपी उपस्थित रहे।

### हिन्दू समाज को जगाने वाले बहुत नेक कार्य कर रहे : आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक



**जंघई।** आचार्य धीरज द्विवेदी "याज्ञिक"सत्संग प्रमुख विश्व हिन्दू परिषद प्रतापपुर विभिन्न स्थानों पर हिन्दू समाज एवं संस्कृति की रक्षा हेतु लोगों को एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हृदय में वर्तमान में अपने समाज की स्थिति,देश की स्थिति की पीड़ा है ।हिन्दुओं और इस देश को तोड़ने वाली शक्तियाँ दिन-रात अपने कार्य पर लगी हैं ।ऐसे में देशभक्त सोशल मीडिया एवं जमीन स्तर पर गाँव गाँव भ्रमण जनसंपर्क करके समाज को जगाने का कार्य करता है ।जबकि उसका भी परिवार है बच्चे हैं घर है दुकान है नौकरी है परन्तु वह समय देता है ताकि अधिक से अधिक हिन्दू अपने धर्म, संस्कृति, राष्ट्र के लिए जागरूक रहे।

### बारिस के बाद बढ़ी गलन को लेकर चेयरमैन ने नगर में जलवाए अलाव



**रत्योरा।** क्षेत्र में हुई बारिश के बाद अचानक गलन व शीतलहर बढ़ जाने से जहां लोग अपने अपने घरों में दुबक गए, वहीं नगर पंचायत कोरांव के चेयरमैन नरसिंह कुमार केसरी ने नगर वासियों और राहगीरों को बढ़ी गलन व ठंड से बचाने के लिए बाजार के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवा कर लोगों को ठंड से राहत दी है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से जलवाए गए अलाव के पास नगर क्षेत्र के लोग एवं राहगीर आग ताप कर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। चेयरमैन कोरांव नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी ने जलवाए गए अलाव का खुद निरीक्षण कर नगर पंचायत के कर्मचारियों को सभी संभावित स्थानों पर अलाव जलाने का निर्देश दिया है। जिसके क्रम में नगर पंचायत कोरांव के कर्मचारियों के द्वारा बाजार के कई स्थानों पर अलाव जलाया गया। अलाव जलवाने के दौरान नगर के कर्मचारियों में राहुल कुमार, आकाश ठाकुर, परमहंस समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।



## विभिन्न मांगों को लेकर भाकियू का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी

**शंकरगढ़।** विभिन्न मांगों को लेकर ब्लाक मुख्यलय शंकरगढ़ में भाकियू का धरना-प्रदर्शन गुरुवार दूसरे दिन भी जारी रहा। शंकरगढ़ ब्लाक परिसर में धरना पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने भूमिहीन आदिवासियों को आवासीय पट्टा देने और टंडन वन की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की ।इसके अलावा मनरेगा में की जा रही धांधली व पीएम आवास योजना में धांधली की जांच की मांग उठाई गई। भाकियू ने कहा कि आदिवासियों पर दर्ज मुकदमा वापस लिया जाए और वन दरोगा की जांच कराकर कार्यवाही की जाए। चेताया कि जब उक्त मांगों पर कार्यवाही नहीं की जाती, प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। मंडल महासचिव केके मिश्र ने बताया कि उक्त प्रकरण को लेकर कई बार तहसील प्रशासन बारा से शिकायत की गई, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। तहसील प्रशासन की हीलाहवाली से परेशान होकर धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ा। इस मौके पर राकेश त्रिपाठी, गब्बर भाई, रामानुज, प्रेमकुमार, श्यामसुंदर, उदयराज, रामचरन, बृहस्पति समेत तमाम महिलाएं मौजूद हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों मे अपार प्रतिभायें, निखारने मे सहयोग की आवश्यकता : पटेल

**घूरपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों मे भी अपार प्रतिभाएं हैं बस आवश्यकता हैं हैं कि ऐसी प्रतिभाओं कों समयानुसार उचित मार्गदर्शन एवम संसाधन उपलब्ध करके निखार लाने की आवश्यकता हैं। ग्रामीण क्षेत्रों मे संसाधनों के अभाव मे प्रतिभा कों सही मुकाम न मिल पाने के कारण तमाम लोग जीवन मे काफी पीछे रह जाते हैं उक्त बातें युवा समाजसेवी एवम केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल कौधियारा क्षेत्र के नौगवा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे छात्र एवम छात्राओं के सम्बोधन मे व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक श्री ए. पी. सिंह ने शोध छात्र के कार्यो की प्रसंसा करने के साथ ही उपस्थित सभी विद्यार्थियों से खूब मन लगाकर पढ़ने एवम समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने की दिशा मे भी उपस्थित विद्यार्थियों कों प्रोत्साहित किया गया ।सूत्र बताते हैं कि प्रधानाध्यापक श्री ए. पी. सिंह जी बहुत ही रोचक तरीके से पढ़ाते हैं। आज की तिथि मे प्रधानाध्यापक श्री सिंह के कुशल मार्गदर्शन मे काफी मात्रा मे लोग सरकारी क्षेत्र मे सेवा प्रदान कर रहें। मधु, अर्चना, सुरंजना, ममता, साधना, अंतिमा, नंदिनी, महिमा, आंचल, प्रीति, कंचन, आफरीन, प्रिया, काजल, शिवा, सूरज आदि छात्र एवम छात्राओ कों पौधे भेंटकर उत्साह वर्धन किया गया।

## विद्यालय प्रबंध समिति उन्मुखी करण संगोष्ठी में दिए प्रधानों को निर्देश

**नैनी।** विकास खंड चाका के दांदूपुर स्थित राजकीय अभिनव विद्यालय प्रांगण में विद्यालय प्रबंध समिति, ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव उन्मुखीकरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष व सचिव एवं ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी की शुरूआत मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष मोजिज अब्बास एवं विशिष्ट अतिथि राजकीय अभिनव विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आर.डी. शुक्ल रहे। खंड शिक्षा अधिकारी चाका कैलाश सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए डी.बी.टी. शारदा एवं समर्थ कार्यक्रम, विद्यालय विकास योजना ऑपरेशन कायाकल्प, मिशन प्रेरणा आंगनबाड़ी केन्द्रो पर बाल केंद्र गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा आदि की जानकारी दी। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष ग्राम प्रधान दांदूपुर मोजिज अब्बास ने ग्राम प्रधानों को गांव में सफाई की उचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए और डीबीटी माध्यम से भेजे गए पैसों का सदुपयोग करने की अपील भी की। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय प्रंबध समिति के अध्यक्ष, अभिभावकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। ए.आर.पी. शशि कांत सिंह, सावित्री सिंह,अरविंद कुमार, आदि ने क्रमशः शारदा कार्यक्रम के तहत हाउस होल्ड सर्वे, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए ड्रेस, जूते, स्वेटर आदि खरीदने हेतु डीबीटी एप के माध्यम से 1100 रुपये भेजने और बाल श्रमिक योजना के तहत दिव्यांगों के प्रतिमाह पेंशन आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय बगबना, कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय चाका, उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहिउद्दीनपुर की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दिया। मंच का संचालन निधि जैन ने एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अमर सिंह ने किया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी रवि सिंह, शिक्षक राजेश कुमार मिश्र, शरद कुमार मिश्र, अतुल तिवारी, शरद शुक्ला, राजेन्द्र पांडेय, मनोज कुमार, राखी सिंह, कमर सुल्ताना, संदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# फूलपुर में आएगी सपा की विजय रथ यात्रा, तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** जनवरी माह में समाजवादी पार्टी की विजय रथ यात्रा का आगमन फूलपुर विधानसभा में होना है ।जिसको लेकर पार्टी के पदाधिकारी रोड मैप तैयार करने में जुट गए हैं। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने पार्टी के नेताओं के साथ फूलपुर के ऐतिहासिक लंका मैदान का निरीक्षण कर विचार विमर्श किया। सपा नेताओं ने बताया कि नई हवा है नई सपा है के संदेश के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की विजय रथ यात्रा प्रयागराज में होगी। जिसके लिए ऐसा रोड मैप तैयार किया जा रहा है जिससे विजय रथ यात्रा सभी विधानसभाओं से होकर निकले। जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने सोरांव, फाफामऊ, फूलपुर, प्रतापपुर, और हंडिया के लिए विजय रथ का रूट प्लान तैयार करने के लिए मंथन किया। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की एक बड़ी जनसभा भी होनी है जिसके लिए फूलपुर के ऐतिहासिक लंका ग्राउंड का निरीक्षण किया जा रहा है।

मौके पर पूर्व सांसद धर्मराज सिंह पटेल, पूर्व विधायक विजमा यादव, सत्यवीर मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, राम सुमेर पाल, महासचिव संदीप पटेल, पंधारी यादव, विधानसभा अध्यक्ष शकील इस्माइल, सयुस फूलपुर अध्यक्ष कुमार मंगल, एरम रब्बानी, जगदीश यादव, राम प्रताप यादव, रामचंद्र यादव, रंगी लाल यादव,जमील अहमद सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे।



## समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित मेडिकल एसेसमेंट कैम्प सम्पन्न

**प्रतापपुर।** शिक्षा अभियान के तहत बीआरसी प्रतापपुर में शारीरिक रूप से कमजोर लोगो के लिए मेडिकल एसेसमेंट कैम्प बृहस्पतिवार को खण्ड विकास अधिकारी राकेश कुमार और स्पेशल ऐजुकेटर लोरिक सिंह एवं कविता वैश्य के देखरेख में सम्पन्न हुआ ।जिसमे 57 दिव्यांग सम्मानित किया गया वही 20 दिव्यांग को प्रमाणपत्र दिया गया। इस मौके पर आर्थो सर्जन डॉ. वेद प्रकाश पांडेय, आई सर्जन डॉ. सुभाष, डॉ. राकेश पासवान, ऑडियो लॉजिस्ट संकल्प शुक्ला, फिजियो थेरेपिस्ट डॉ.राजेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

## स्वरोजगार की दिशा मे तकनीकी ज्ञान संजीवनी के समान : अनिल विश्वकर्मा

**जसरा।** गुरुवार कों करमा क्षेत्र के कमला स्मारक इंटर कालेज मे शम्भूनाथ इंस्टिट्यूट के बैनर तले विद्यार्थियों कों विभिन्न सामाजिक विषयों,उच्च शिक्षा समेत विभिन्न विषयों पर जागरूकता अभियान चलाकर उच्च शिक्षा एवम तकनीकी ज्ञान हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर उक्त शैक्षिक संस्थान प्रतिनिधि एवम प्रोफेसर आशुतोष पाण्डेय व राजकुमार पाण्डेय के माध्यम से तकनीकी शिक्षा की आवश्यकता एवम महत्ता के विषय मे भी काफी रोचक जानकारी प्रदान की गयी । प्रबंधक श्री अनिल विश्वकर्मा ने शंभूनाथ ग्रुप आफ एजुकेशन के इस मुहिम की तारीफ करते हुए ऐसे अभियान कों विद्यार्थियों के हित मे बताते हुए श्री विश्वकर्मा यह भी बोले कि अमुक आयोजनों से विद्यार्थियों मे इच्छाशक्ति एवम प्रतिभा का विकास होता हैं ।अपने सम्बोधन के अंत मे श्री विश्वकर्मा आत्मनिर्भर बनने की दिशा मे तकनीकी ज्ञान कों बहुत ही महत्वपूर्ण बताये। इससे स्वरोजगार के अवसर भी काफी मात्रा मे विकसित होते हैं। प्रधानाचार्या अलका विश्वकर्मा ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया ।कीर्ति मिश्रा, पलक कुरैशी,साक्षी पाण्डेय,सुधांशु पटेल, आनंद राज पटेल,उज्जवल रमन साहू आदि छात्र एवम छात्राओं कों सम्मानित किया गया।



# भाजपा विधायक के बहनोई पर अंधाधुंध फायरिंग

## फायरिंग में 4 लोगों को लगी गोली, दो की हालत नाजुक,आरोपी के घर में लगाई आग



घटना की जानकारी देते एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह



घटना के बाद आरोपी के घर में लोगों ने लगाई आग



घटनास्थल पर जमा भीड़

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कीडगंज में भाजपा विधायक संजय गुप्ता के बहनोई व चाट कारोबारी संदीप उर्फ भोले गुप्ता (48) पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। इसमें वह और उनके भाई विशाल उर्फ राजन (36) के अलावा ग्राहक रामजी (52) और वहां से गुजर रहा छात्र नारायण तिवारी (18) जख्मी हो गए। सभी को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां राजन की हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी। उधर घटना से आक्रोशित लोगों ने तोड़फोड़ के बाद एक मकान को आग के हवाले कर दिया। गोलीबारी करने का आरोपी आबकारी विभाग का निलंबित सिपाही घटना के बाद से अपने साथी समेत फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### अंधाधुंध फायरिंग कर भागे बदमाश

संदीप कीडगंज स्थित बीच वाली सड़क पर रहते हैं। उनका चाट व मिठाई का पुश्तैनी कारोबार है और घर के अगले हिस्से में ही वह दुकान चलाते हैं। रोज की तरह बृहस्पतिवार शाम को भी वह छोटे भाई राजन के साथ दुकान पर थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इसी दौरान वहां दो हमलावर पहुंचे और संदीप को ललकारते हुए अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

### दोनों पक्षों के बीच चल रहा है पुराना विवाद

इसमें दोनों भाइयों के अलावा दुकान पर खड़ा ग्राहक रामजी निवासी कीडगंज और वहां से गुजर रहा प्रतियोगी छात्र नारायण जख्मी हो गए। जिसके बाद हमलावर असलहा लहराते हुए भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। संदीप के कंधे, राजन के माथे और रामजी व नारायण के पैर में गोली लगी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद चल रहा है। यह भी चर्चा है कि विवाद की वजह भुक्तभोगी की दुकान के सामने स्थित एक मकान है। परिजनों ने आबकारी विभाग के निलंबित सिपाही विमलेश पांडेय व उसके साथी सतीश पांडेय का नाम बताया है। दोनों फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। - **दिनेश कुमार सिंह, एसपी सिटी**

# किसानों का सत्याग्रह लाया रंग मिशन के प्रयास की हुई सराहना

### जागृति मिशन के प्रयास से किसानों का सत्याग्रह पर रंग लाया ,प्रशासन ने कीं पहल



प्रशासन के लोगों को अवगत कराते डॉक्टर भगवत पांडेय

**करछना।** इन दिनों डेडीकेटेड फ्रंट कारीडोर के निर्माण के दौरान मिट्टी माफियाओं की मनमानी से मसिका समेत आस-पास के कई गांव के किसान अपनी मांगों को लेकर सत्याग्रह कर रहे थे।इस बीच जागृति मिशन के प्रयास से डीएफसीसी के महाप्रबंधक अरविंद पाण्डेय और किसानों के बीच सार्थक वार्ता हुई।मिशन के संयोजक डॉ.पाण्डेय ने बताया कि इस बीच हुए समझौते के तहत कारीडोर के निर्माण से प्रभावित कुछ गांवों के नालियों,रास्तों तालाबों के निर्माण जोर्णोद्धार को ठीक करने पर सहमति बनी।बीते 6 दिनों से किसानों के सत्याग्रह को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने कुछ गांव के विद्धुत लाइन प्रभावित स्थिति को भी गंभीरता से लेते हुए ठीक कराने की बात कही। महाप्रबंधक मिट्टी कंपनियों को फटकार लगाते जुमार्ने की भी बात कही और कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी न की जाए।उन्होने बिगड़ी हुई चीजों को ठीक कराने के लिए मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था के लोगों को कड़े दिशा निर्देश दिया।इस दौरान मौजूद जमोली,घोघापुर,नंरसिन्हापुर,मसिका,रेही सहित कई गांव के किसानों की 12 सूत्रीय मांगों में से अधित्तर मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिए।जिसपर किसानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए जागृति मिशन के पहल की सराहना की। इस मौके पर प्रधान भूपेंद्र प्रताप सिंह,भालानाथ मिश्रा,अमित पाण्डेय,सुनील कुमार,अखिलेश मिश्रा,राजकुमार,शैलेश तिवारी समेत कई किसान मौजूद रहे।

# इंटरलॉकिंग सड़कों का मेजा विधायक ने किया लोकार्पण

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** विधायक मेजा श्रीमती नीलम करवरिया ने गुरुवार को विधान सभा मे विधायक निधि से बनी लाखों रुपये की लागत से पांच इंटरलॉकिंग सड़कों का लोकार्पण किया।बता दें कि गुरुवार को मेजा विधायक श्रीमती नीलम करवरिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ग्राम सभा ओनौर के अशोक गुप्ता के घर से तालाब तक 12 लाख 20 हजार की लागत, ग्रामसभा तुलापुर औंता के हरिजन बस्ती में पिंचरोड से कृपा शंकर मिश्र के घर तक 10 लाख 20 हजार ग्रामसभा अटखरिया में हरिशंकर पांडे के घर से प्राइमरी विद्यालय होते हुए विश्वकर्मा बस्ती तक 13 लाख 88 हजार ,मदरा मुकुंदपुर में नर्मदा प्रसाद उपाध्याय के घर से गोविंद मिश्र के घर तक 9 लाख 48 हजार तथा डोहरिया मोतीकापुरा में उदय सिंह के घर से हौसला प्रसाद के घर तक 10 लाख 27 हजार की लागत से इंटरलॉकिंग सड़को का लोकार्पण किया।लोकार्पण अवसर पर विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास से जुड़ी हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है, आगे कहा कि पाँच साल में योगी जी की सरकार में मेजा विधान सभा में सड़कों का जाल विछाया गया है और दर्जनों सड़कें बन रही है और कई दर्जन सड़के प्रक्रिया में है। लोकार्पण के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैलेश पांडे, टुनटुन तिवारी,पप्पू जेरा, मनीष पांडे,धीरज दुबे, राहुल दुबे ,सोनू मिश्रा,पुष्कर तिवारी, सोनू शुक्ला,विपिन तिवारी, आशीष शुक्ला,ओपी शुक्ला विधायक के निजी सचिव जितेंद्र शुक्ला सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



### अल्ट्राटेक ने जरूरत मंदों में वितरित किया कंबल

**शंकरगढ़।** गिरते तापमान और ठिठुरन के बीच अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट बारा द्वारा कंबल वितरण किया गया। गुरुवार को यमुना पार के कपारी ग्राम सभा में कंबल का वितरण किया गया। कंपनी के एचआर हेड ललन सिंह ने बताया कि कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ठंड को देखते हुए आज से कंबल वितरण अभियान की शुरूआत की गई है। पहले दिन कपारी ग्राम पंचायत के पुरवा मलापुर में जरूरत मंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। कंबल पाकर असहाय व गरीब खुश दिखे। ललन सिंह ने बताया कि उनकी कंपनी द्वारा अगले एक हफ्ते तक कपारी, जोरवट पंचायत के विभिन्न ग्रामों (मजरों) के अलावा आसपास के अन्य गांवों भी में कंबल वितरण करेगी। इसके लिए जरूरतमंद लाभार्थियों की सूची बनाई जा रही है। कंबल वितरण के मौके पर संजीव श्रीवास्तव, रमेश तिवारी, स्थानीय जन प्रतिनिधियों में प्रधान- कपारी सुभाष प्रसाद, संदीप कुमार व ग्रामीण मौजूद रहे।

# घर मे सो रही युवती की गोली मारकर हत्या

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती के हरिरामपुर गांव में घर के भीतर सो रही काजल (18) को गोली से उड़ा दिया गया। सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। चौंकाने वाली बात यह कि बगल में सो रहे परिजनों को घटना की जानकारी सुबह हुई। पुलिस घंटों छानबीन में जुटी रही। इस दौरान पता चला कि काजल का परिवार के ही एक युवक से प्रेम संबंध था, जिसे लेकर परिजन उससे नाराज थे। फिलहाल परिजनों ने प्रेमी पर ही शक जताया है। पुलिस का कहना है कि अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।हरिरामपुर में रहने वाला संतलाल सब्जी बेचकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। चार बच्चों में काजल सबसे बड़ी थी, जिसने पांचवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। पुलिस के मुताबिक, पिता ने बताया कि रोज की तरह बुधवार को भी सभी लोग सो गए। अन्य लोग बरामदे में जबकि काजल कमरे में सो रही थी। सुबह काजल बहुत देर तक कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजन उसे जगाने पहुंचे तो वह मृत पड़ी मिली।

## परिजन और प्रेमी पर हत्या का शक

### काजल का परिवार के ही एक युवक से था प्रेम संबंध

उसकी खून से लथपथ लाश चारपाई पर पड़ी थी। सिर में गोली मारकर उसे मौत के घाट उतारा गया था। इस पर घरवालों में चीखपुकार मच गई। युवती की हत्या की सूचना पर सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। जानकारी पर पुलिस अफसर भी आ गए। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच पड़ताल में यह बात सामने आई कि काजल का परिवार के ही एक युवक से प्रेम संबंध था। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पिता ने अपने भाई के बेटे पर हत्या का शक जताया है। लेकिन तहरीर में उसका नाम नहीं लिखा है। फिलहाल अज्ञात में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घर में रखी जैकेट पर मिले खून के छींटे

पूरामुफ्ती में घर के भीतर युवती की हत्या के बाद सनसनी फैल गई। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि आखिर हत्या किसने और क्यों की। सबसे बड़ी बात यह कि बगल के कमरे में सो रहे घरवालों को भी भनक नहीं लगी। जांच पड़ताल के दौरान एक और चौंकाने वाली बात सामने आई। घर के भीतर ही पुलिस को एक जैकेट मिली, जिस पर खून के छींटे थे। पुलिस अफसरों का कहना है कि कई बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल की जा रही है। हत्या की सूचना पर पुलिस पहुंची शव चारपाई पर पड़ा मिला। पुलिस ने छानबीन शुरू की तो पता चला कि काजल परिवार के ही एक युवक से अक्सर बात करती थी। पहले तो परिजन ज्यादा कुछ बताने से इंकार करते रहे, लेकिन बाद में यह बात सामने आई कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। यह बात भी सामने आई कि युवक ने काजल को मोबाइल भी दिया था, लेकिन दोनों के संबंधों की भनक लगने पर परिजनों ने मोबाइल तोड़ दिया था। इसके बावजूद वह उसके संपर्क में बनी रही। जिसे लेकर परिजन उससे नाराज थे। जांच के दौरान ही घर के भीतर खून के छींटे लगी जैकेट भी मिली। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि यह संतलाल की है। पुलिस अफसरों का कहना है कि तमाम बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल की जा रही है।

### पोस्टमार्टम में सिर में फंसी मिली गोली

घटनास्थल पर मुआयना करने के बाद पुलिस अफसर धारदार हथियार से हत्या की आशंका जता रहे थे, लेकिन पोस्टमार्टम में साफ हो गया कि गोली मारकर उसे मौत के घाट उतारा गया। उसके सिर में गोली फंसी मिली। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में शव परिजनों को सौंप दिया गया। बड़ा सवाल यह है कि जिस कमरे में युवती मृत पड़ी मिली, उसके बगल में ही परिजन सो रहे थे। तो आखिर गोली चलने की आवाज कैसे उन्हें सुनाई नहीं दी।

# माघमेला अरैल में स्वास्थय शिविर का सीएमओ नें किया उदघाटन



**करछना।** तहसील क्षेत्र करछना के अरैल गंगा एवं जमुना तट घाट पर आगामी जनवरी माह लगने वाले कुंभ मेला की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे प्रयागराज के सीएमओ डाक्टर नानक शरन नें सबसे पहले अरैल में तैयार स्वास्थय शिविर का फीता काट कर किया उदघाटन और, तथा स्वास्थय समबन्धित तैयारियों के विषय में जानकारी हासिल किया और तथा मेले के पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने का दिशा निर्देश दिए, और सभी स्वास्थय कर्मियों को हिदायत दी कि शासन की मंशा के अनुरूप अनुरूप सभी कार्य समय से पूर्ण कराया जाय, इस उपरांत सीएमओ नें अरैल मेला क्षेत्र के कयी जगहों पर निरीक्षण करते हुए मतहतो को समय से सभी तैयारियां पूर्ण करने का दिशा निर्देश दिए ।इस मौके पर वैकशिनेसन प्रभारी डाक्टर संजय बरनवाल, डॉ दीपक कुमार, प्रभारी निरीक्षक डॉ धर्मेंद कुमार यादव, शिव मोहन कुशवाहा, राजेश कुमारी यादव, अजीत कुमार सिंह,राजीव, सहित बडी संख्या में स्वास्थय विभाग के कर्मी शामिल रहे हैं।

### जज 2022 में होंगे रिटायर, स्वीकृत पदों से घटकर हो जाएगी आधी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के 6 जज अगले साल 2022 में रिटायर होंगे। हाईकोर्ट में जजों के कुल 160 पद स्वीकृत हैं। इनके सापेक्ष इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ बेंच में कुल 93 जज (चीफ जस्टिस को शामिल करते हुए) कार्यरत हैं। अगर कोई नई नियुक्ति नहीं की जाती है, तो जजों की कुल संख्या 88 हो जाएगी। यह कुल स्वीकृत संख्या का लगभग आधी है। 2022 में रिटायर होने वाले जजों में जस्टिस राकेश श्रीवास्तव, जस्टिस ओमप्रकाश (सप्तम), जस्टिस रामकृष्ण गौतम, जस्टिस उमेश कुमार, जस्टिस विकास कुंवर श्रीवास्तव और जस्टिस अली जामिन शामिल हैं।ज्ञात हो कि 24 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए 13 अधिवक्ताओं के नामों की सिफारिश की थी। इनके अलावा 4 न्यायिक अधिकारियों के नाम की भी नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई थी। इस प्रकार सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 17 नामों की सिफारिश हाईकोर्ट में जज नियुक्त करने के लिए केंद्र सरकार को भेजी। इसके अलावा एक और सिफारिश 6 अक्टूबर को न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए अधिवक्ता मनु खरे के लिए की गई थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुशंसित 18 नामों में से केवल 9 नामों को क्लीयर किया गया है।

# संयुक्त प्रयास से ही शिक्षा के क्षेत्र में होगा बदलाव : प्रमुख इंद्र नाथ मिश्र

अखंड भारत संदेश




कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते ब्लाक प्रमुख इंद्र नाथ मिश्र

**करछना।** विकास खण्ड कौंधियारा के समस्त ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष एवं समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय एस एम सी संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण बी आर सी पीड़ी के प्रांगण मे आयोजित हुआ।उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी तथा ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा द्वारा मां सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ ए आर पी श्री शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल द्वारा किया गया। शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना तथा डी बी टी पर प्रकाश डाला गया। विज्ञान विषय के ए आर पी श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा शारदा एवं समर्थ योजनाओं का पी पी टी द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। साथ ही सामाजिक विषय के ए आर पी श्री अनिल कुमार सिंह के द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत तथा मिशन प्रेरणा के सम्बंध में बताया गया। इसके अतिरिक्त आंग्ल भाषा के नवनियुक्त ए आर पी श्री नवीन कुमार पाण्डेय ने विद्यालय प्रबंध समिति एवं विद्यालय विकास योजना के विषय में सभी को परिचित कराया गया। ए आर पी गणित श्री विनोद कुमार मल्ल द्वारा आंगनबाड़ी की सुविधाओं एवं ग्राम प्रधानों से सहयोग व अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख श्री इन्द्र नाथ मिश्र, ए डी ओ पंचायत श्री आदित्य कुमार यादव द्वारा विद्यालयों के कायाकल्प मे पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। संगोष्ठी मे ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष श्री कृष्ण कान्त ओझा, पीड़ी महाविद्यालय प्रबन्धक श्री अशोक कुमार शुक्ल, विकास खण्ड कौंधियारा के समस्त ग्राम प्रधान, एस एम सी अध्यक्ष एवं परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।अन्त मे खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री अतुल दत्त तिवारी द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार ब्यक्त करते हुए नये वर्ष की शुभकामनाओं के साथ संगोष्ठी का समापन किया गया। इस मौके पर प्राथमिक संघ अध्यक्ष कौंधियारा अनिमेष कुमार श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार हेमंत त्रिपाठी राजेश कुमार पटेल सविता शर्मा ए पी सिंह महेश शुक्ला फिदा हुसैन आदि लोग उपस्थित रहे।

### जरा सी चूक से खाली हो सकता है बैंक का खाता

**प्रयागराज।** एक रुपये को हल्के में मत लीजिए। अगर साइबर शातिरों के चक्कर में पड़ गए तो यही एक रुपया आपके खाते से लाखों उड़ा सकता है। शहर में कई लोगों ने ऑनलाइन साइट पर लेनदेन के लिए शातिरों के भेजे लिंक पर क्लिक कर जैसे ही एक रुपया भेजा, उनके खाते से लाखों रुपये साफ हो गए। साइबर क्राइम थाने में एक साल में ऐसी एक दर्जन से अधिक घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि जानकारी ही फ्रॉड से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। साइबर शातिरों ने एक रुपये के जरिए ऑनलाइन ठगी की नई विधा ईजाद की है। कई ऑनलाइन साइट पर पुरानी और नई चीजें बेची जाती हैं। ठग पुरानी चीजों को बेचने या खरीदने के नाम पर लोगों से बात करते हैं। पुरानी चीजों की वे बहुत कम कीमत लगाते हैं, जिससे सामने वाला शख्स झांसे में आ जाता है। लेन देन के लिए शातिर ठग एक लिंक भेजते हैं।

# अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

### ग्राम प्रधानों के प्रदत्त अधिकारों का हो रहा हनन : शहजादे

### चार जनवरी को ब्लॉक मुख्यालय पर ताला बंदी : रामानुज यादव




प्रदर्शन के बाद मांग पत्र सौंपते

**कोरांव।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन ब्लॉक कोरांव ने अपनी मांगों को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और सात सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी कोराव कार्यवाहक ए डी ओ एजी श्रीवास्तव जी तथा अवर अभियंता जगनारायण सिंह को सौंपा गया। मांग पत्र में प्रधानों के प्रदत्त अधिकारों का तहसील,ब्लॉक,आपूर्ति विभाग,पुलिस विभाग आदि के अफसरों द्वारा कार्यवाही प्रस्ताव मांग पत्र तथा शिकायतों पर कार्यवाही न किया जाना तरजीह न दिया जाना,ग्राम सचिवों की मनमानी और शोषण तथा प्रस्ताव के मुताबिक क्रियान्वयन न किया जाना,डोंगल सचिवों के पास रखा जाना और मनमाने ढा जी सेभुगतान निकाल लिया जाना,अपूर्ण सौंचालयों के सफाई कर्ता,रखरखाव का भुगतान रोका जाना,तीन ग्राम सचिवों क्रमशः आनंद मोहन सिंह,समर जीत कैथल,सत्येंद्र कुमार पांडेय की मनमानी के दृष्टिगत तत्काल स्थानांतरण किया जाना,आदि कई समस्याओं को ले कर प्रधानों ने एक बैठक कर यह निर्णय लिया गया कि यदि ब्लॉक तथा जिले के अधिकारी उक्त सचिवों को नहीं हटाते,मांगों को पूरा अविलंब नहीं करते तो चार जनवरी 2022 को ब्लॉक मुख्यालय पर ताला बंदी कर दी जाएगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी बी डी ओ तथा ए डी ओ पी कोराव की होगी। संगठन ने जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

प्रयागराज मंडल के मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे प्रधान अल्हवा ने कहा कि ग्राम पंचायतों को प्रदत्त अधिकारों के तहत उनका कार्य क्रियान्वयन संचालन न होना निंदनीय है। और यह पूर्णतया अधिकारों का हनन है। इसे प्रधान गण कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि या फिर संबंधित अधिकारी कर्मचारी ही प्रधानों का प्रभार संभालें। शहजादे ने कहा की एक तरफ सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को चुस्त दुरुस्त बनाए रखना चाहती है वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायतों द्वारा सिकायतो के बाद भी कोटेदारों पर कार्यवाही न कर तहसील और आपूर्ति विभाग के अधिकारी स्वार्थ के चलते उन्हें बचाने का कार्य कर रहे हैं। रामानुज यादव ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि चार जनवरी के पूर्व ब्लॉक विकास अधिकारी मांगें पूरी नहीं करते तो सीधे ब्लॉक मुख्यालय पर ताला लगा दिया जायेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी ब्लॉक अधिकारियों की होगी। अध्यक्ष ने कहा कि ग्राम पंचायत अल्हवा में उचित दर विक्रेता के मनमानी अनियमितता को लेकर खुली बैठक में निर्णय लेकर उच्च स्तरीय शिकायतें की। जिसकी जांच होने के बावजूद एस डी एम कोराव द्वारा आरोप पत्र महीनों से जारी करके बचाने का कार्य कर रहे हैं जबकि सासन स्तर से भी निर्देश निर्गत हुए हैं। जिला अधिकारी और अपर जिला धिकारी आपूर्ति प्रयागराज में भी उप जिलाधिकारी कोरांव को कार्यवाही का निर्देश दिया है। श्री यादव ने कहा कि यदि उप जिलाधिकारी द्वारा कार्यवाही कोटेदार के विरुद्ध नहीं की जा है तो प्रधान संगठन उनके भी खिलाफ प्रदर्शन करेगा। बैठक और प्रदर्शन में मंत्री प्रयागराज मंडल शहजादे, संगठन मंत्री दिलीप सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष रामानुज यादव, देवराज सिंह, हरिहर सिंह पटेहरी, सुशील कुशवाहा सिकरो, मालती सिंह सिपउआ, प्रभाकर वर्मा गणिया मुरलीपुर,विश्व विजय सिंह जादीपुर, सद्दाम पैंतीहा, शिवलाल कनोजिया देवघाट, प्रतिमा सिंह खीरी रामगढ़,मुरारी लाल मौर्य, महुली, विमल चंद्र मौर्य पियरी, देवीदयाल मिश्र टुंडियार, विजय बहादुर भोगन, मांडवी सिंह कुकरहटा, नीरज सिंह देवरी, संगम लाल सिरोखर आदि कई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# करछना तहसील मुख्यालय पर भाजपा सदस्यता अभियान चलाया गया

अखंड भारत संदेस

### सपा के सेक्टर प्रभारी हरिशंकर पांडेय पार्टी छोड़ भाजपा में हुए शामिल



**करछना।** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ की ओर से करछना तहसील मुख्यालय पर बृहस्पतिवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें करछना तहसील के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने बड़े हर्षोल्लास व उत्साह के सहित मिस्ड कॉल के जरिए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की । सदस्यता अभियान में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे करछना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी पीयूष रंजन निषाद ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियों को एक-एक करके गिना कर लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इसके अलावा करछना के नीबी गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य व सपा के सेक्टर प्रभारी हरिशंकर पांडेय ने समाजवादी पार्टी छोड़कर पीयूष रंजन निषाद की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए । पियूष रंजन निषाद ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई । गौरतलब है कि हारिशंकर पांडेय के भाजपा में शामिल होने से करछना के भाजपाइयों में हर्ष व्याप्त है। लोगों की ओर से फूल माला पहनाकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया । इस मौके पर विधि प्रकोष्ठ के संयोजक पुरुषोत्तम मौर्या सह संयोजक रणजीत सिंह अरविंद सिंह आशुतोष पांडेय अमरेंद्र मिश्र राकेश पांडेय अशोक चौधरी पवन कुमार मिश्र अवनीश कुमार मिश्र हेमराज द्विवेदी जय प्रकाश पांडेय शिवेंद्र सिंह दीपराज सिंह इंद्रेश शुक्ल संजय पांडेय संदीप तिवारी मोनू तिवारी आदि अधिवक्ता लोग मौजूद रहे।

## व्यापारी पुत्र की हत्या पर ढांढ़स बंधाने पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा पर साधा निशाना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर बाजार के व्यवसायी मदन केसरवानी के पुत्र अंशू की हत्या की जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल पीड़ित के घर पहुंचे। मृतक के पिता मदन केसरवानी व परिजनों से मुलाकात कर सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने ढांढस बंधाया। उन्होनें पीडित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कानून व्यवस्था के मुददे पर प्रदेश सरकार पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। उन्होनें कहा की कानून व्यवस्था के साथ ही मंहगाई, बेरोजगारी, समेत हर मुददे पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार फेल हो गयी है। बतादें कि बीती पचीस दिसंबर को व्यापारी के पुत्र की हत्या कर शव एक बंद घर मे फेंक दिया गया था। जिसकी जानकारी पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल काफिले के साथ यहां पहुंचे थे।

# सरकार की स्वावलम्बन योजनाओं से महिलाएं हो रही लाभान्वित: अनामिका चौधरी

## बढ़नी में आयोजित हुआ भाजपा महिला मोर्चा का जिला सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा के आयोजकत्व में जनपद के विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र के बढ़नी में जिला महिला सम्मेलन का आयोजन जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रुचि केसरवानी के अध्यक्षता व मोर्चा की महामंत्री प्रमिला शुक्ला के संचालन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री अनामिका चैधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री डॉक्टर कृतिका अग्रवाल रही।



भाजपा महिला मोर्चा के जिला सम्मेलन में बोलतीं अतिथि।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीपप्रजवालन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करती हुए महिला मोर्चा के प्रदेश मंत्री अनामिका चैधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं के स्वलंबन के लिए सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि चाहे वह बैंक सखी हो, कन्या सुमंगला योजना हो कार्ड की मुखिया महिला को बनाया। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं उज्वला योजना में फ्री गैस सिलेंडर हो, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 5 लाख का स्वथ्य बीमा सरकार ने मुहैया कराई का कार्य किया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री डॉक्टर कृतिका अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली केंद्र एवं प्रदेश की सरकार बिना किसी भेदभाव के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने कहां कि भारतीय जनता पार्टी के प्रति आम जनमानस के मन में विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार के नेतृत्व में मातृशक्ति कहीं से भी अब किसी से पीछे नहीं है। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्य व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचा कर 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में एक बार पुनः प्रचंड बहुमत से भाजपा का परचम लहराने का सबको मिलकर संकल्प लेना होगा। अर्चना शुक्ल क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी ने कहा कि विरोधी कितना भी समझाए जो कोविड काल में नहीं दिखा इसको हम विधान सभा में भी नही जीतने देंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य पूनम इंसान, जिला उपाध्यक्ष पिंकी दयाल, मंजू त्रिपाठी, ज्योतिमा सिंह, अलका सरोज, अर्चना शुक्ल, माधुरी सिंह, यशोदा जिला मंत्री, अंशु सिंह, सारिका केशरवानी सुशीला सरोज सहित सैकड़ों महिलाए उपस्थित रही।

## एसडीएम व तहसीलदार के नदारद होने पर अधिवक्ताओं ने चस्पा किया पम्पलेट, खोजने पर ईनाम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील मे अधिकारियों की अनुपस्थिति के विरोध मे अधिवक्ताओं ने लापता होने का पम्पलेट चस्पा किया है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री प्रवीण कुमार के नेतृत्व मे अधिवक्ताओं ने मौन जुलूस निकालकर एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह व तहसीलदार जावेद अंसारी के तहसील से लगातार अनुपस्थित रहने के विरोध मे लापता होने का पम्पलेट चस्पा किया है। अधिवक्ताओं की ओर से चस्पा किये गये पम्पलेट मे एसडीएम व तहसीलदार को खोजकर लाने वाले को एक हजार रुपए का नकद ईनाम देने की घोषणा की गयी है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसील से एसडीएम व तहसीलदार के लगातार नदारद रहने से लोगों का कामकाज प्रभावित होने के साथ ही मुकदमें की सुनवाई भी ठण्डे बस्ते मे चली गयी है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, दिनेश मिश्र, राजकुमार पाण्डेय, मस्तराम पाल, राजीव तिवारी, अनिल तिवारी, राजेश पाल, विमल यादव, दयाशंकर यादव, अंबुज पाण्डेय, विद्याधर तिवारी, हरिश्चंद्र पाण्डेय, अमृत लाल यादव आदि मौजूद रहे।

## 23वें तीर्थंकर पाश्र्वनाथ भगवान की मनाई गई जन्म जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के बाबागंज स्थित जैन मंदिर में जैन धर्म के 8वें तीर्थंकर चन्द्रप्रभु एवं 23वें तीर्थंकर पाश्र्वनाथ भगवान की बहुत ही उत्साह के साथ जन्म जयंती मनाई गई जिसमें दोनो तीर्थांकरों का पंचामृत अभिषेक 108 कलशों से महामस्तकाभिषेक एवं 108 दीपक से भगवान की आरती की। महामस्तकाभिषेक के दौरान 21 कलशों की बोली लगाई गई जिसमे समाज के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन रतन जैन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद जैन, दिपेश जैन, प्रकाश जैन, आकर्ष जैन, रोहित जैन, प्रियांश जैन, आशा जैन, पूनम जैन, मंजू जैन, बेबी जैन, नेहा जैन, मीनाक्षी जैन, समाज के आदि लोग मौजूद रहे।

# खराब मौसम के बाद भी लगवाया टीका, कैम्प में उमड़ी भीड़

### 60 से अधिक लोगों का हुआ टीकाकरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रुक रुक कर हो रही बारिश और गलन के बाद भी कोरोनारोधी टीकाकरण कैम्प में लोगों का उत्साह देखने को मिला। गुरुवार को रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वावधान में डेण्टल केयर सेंटर आदर्श नगर में लगे कोविशिल्ड टीकाकरण कैम्प में आये लोगों की भीड़ रही।


टीकाकरण कैम्प में टीका लगवाती महिला।

उनमें वैक्सिनेशन को लेकर उत्साह दिखा। 60 से अधिक लोगों को टीका लगा। मजे की बात यह है कि काफी लोग ऐसे मिले। जिन्होंने पहली डोज ली। इसे ओमिक्रोन का भय कहा जाय या जागरूकता। लेकिन जिस तरह से कैम्प में भीड़ अब दिखाई दे रही है। उसको देखकर लगता है कि लोग एक बार फिर से टीका लगवाने के लिए जागरूक हो रहे। कैम्प पर आई कल्याणी देवी और मंजू तिवारी ने कोविशिल्ड का पहला टीका लगवाया। उन्होंने बताया कि उनकी पहली वैक्सीन है। कैम्प में आये लोगों को जागरूक करते हुये बीबीएफजी का सहयोगी और दंत चिकित्सक डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने मास्क लगाने और दो गज की दूरी का पालन करने की अपील की। कैम्प को सफल बनाने में में उमाशंकर, आरबी सिन्हा, वीरेन्द्र कुमार, दिग्विजय सिंह, अश्विनी केसरवानी, वीके तिवारी, मोहम्मद अनीश, शुभम तिवारी, शनि सरोज, असरफ, नेहा समेत कई लोगों का सक्रिय योगदान रहा।

## बाइक सवार बदमाशों ने पिटाई कर युवक का मोबाइल छीना

**पट्टी, प्रतापगढ़।** साइकिल से आटा लाने जा रहे युवक को रोककर बाइक सवार बदमाशों ने युवक की पिटाई कर जेब में रखा मोबाइल छीन कर फरार हो गये। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र निवासी विवेक वर्मा पुत्र विजय बहादुर वर्मा गुरुवार की दोपहर अपने घर साइकल से पड़ोस के गांव दलापुर से आटा चक्की पर से आटा लेने जा रहा था कि गांव के किनारे तंबूरा नाले के पुल पर पहुंचा कि दालापुर की तरफ से दो बाइक पर पांच लोग सवार पहुंचे और युवक से मोबाइल मांगने लगे। युवक के मना करने से बाइक सवार बदमाशों ने युवक को पीटना शुरू कर दिया और जेब में रखा कीमती मोबाइल लेकर दयालगंज बाजार की तरफ भाग निकले। हल्ला गुहार करने दयालगंज बाजार के पास ग्रामीणों ने युवक को रोकने को प्रयास किया।

# हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## पंजाबी मार्केट में धूमधाम से मना कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नोडल शिक्षक संकुल एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री अभिभावक की हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव यू आर सी केंद्र मकन्द्रूगंज (कम्पोजिट विद्यालय पलटन बाजार बालिका) निकट पंजाबी मार्केट पर बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।


सदर विधायक को प्रतीक चिन्ह देते अतिथिगण।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सदर राजकुमार पाल रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी सदर नगर रविंद्र उपाध्याय ने की। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का संचालन राम सजीवन मौर्य बब्बू ने किया। सरस्वती वंदना लक्ष्मी मिश्रा एवं स्वागत गीत दीपशिखा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है जिसमें शिक्षा का आंगनबाड़ी कार्यकत्री रसोईया एक ही विद्यालय परिसर में साथ रहकर कार्य कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कहा जिस प्रकार अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में एलकेजी यूकेजी भी के बाद कक्षा 1 में प्रवेश होता है उसी प्रकार हमारे परिषदीय विद्यालयों में भी हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के माध्यम से नव प्रवेश होगा। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे, ब्लॉक मंत्री सुधीर कुमार सिंह, जफर हुसैन, अशफाक अहमद, मनोज कुमार श्रीवास्तव, मोहम्मद शफीक खान, मीना पुष्पाकर, आशीष कुमार भटनागर समस्त कार्यालय स्टॉप कलीमुद्दीन ए0आर0पी0 अंजू बाला, सुमन सिंह, अशोक कुमार बेस्ट आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र सीमा गौतम द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# प्रताप सदन में नवनियुक्त प्रदेश उपसचिव अतुल पांडे का हुआ स्वागत

### चार युवाओं को विभिन्न पदों पर किया गया मनोनीत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) पार्टी कार्यालय प्रताप सदन प्रतापगढ में नवनियुक्त प्रदेश उपसचिव फिल्म अभिनेता अतुल पांडे के जनपद प्रतापगढ़ प्रथम आगमन पर युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी के नेतृत्व में माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।। बीते मंगलवार को ही लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में विधान परिषद सदस्य कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के द्वारा फिल्म अभिनेता अतुल पांडे को पार्टी के प्रदेश उप सचिव पद पर मनोनीत करते हुए मनोनयन पत्र प्रदान किया गया था।

इसके पश्चात पार्टी के निदेशानुसार युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यालय में आये हुए पार्टी के कार्यकताओं एवं आम जनता से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को सुनकर जल्द निस्तारण कराने की बात कही एवं जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए कई युवाओं को पार्टी की सदस्यता प्रदान की गई और चार युवाओं को पार्टी में विभिन्न पदो पर मनोनीत किया गया, जिसमें दीपक सिंह को जिला सचिव, विवेक प्रताप सिंह को सांगीपुर ब्लॉक अध्यक्ष, सास्वत शुक्ला को सचिव एवं वीरेंद्र प्रताप सिंह वीरू को जिला मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनीत किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शिवम दुबे सचिव अभिषेक सम्राट श्रीवास्तव सदर ब्लॉक अध्यक्ष राम शंकर शुक्ल, उदित नारायण उपाध्याय गंगा प्रसाद शर्मा सर्वेश पटेल वरिष्ठ नेता संजय मिश्र दीपक रावत एवं राम आसरे रावत आदि मौजूद रहे।

## युवक की मौत मे अज्ञात चालक पर हत्या का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के मिश्रपुर चैराहे पर हादसे मे हुये युवक के मामले पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के हंडौर निवासी मो. रईस पुत्र याकूब खान ने बताया कि प्रतापगढ़ शहर जाते समय बुधवार को मिश्रपुर चैराहे पर अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से उसके भांजे रियासत की मौत हो गयी थी। तहरीर के आधार पर आरोपी अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## समाज में भय व डर को दूर करने का होगा प्रयास: फूलचंद

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बहुजन समाज पार्टी के पट्टी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी फूलचंद मिश्रा ने विधानसभा क्षेत्र के जोगीपुर अमसौना ईशन पुर गांवों में जनसंपर्क कर कहा कि बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करें जिससे हम आपके प्रतिनिधि बनकर विकास और सुशासन की नींव खड़ी कर सकें। जोगीपुर गांव निवासी वाहिद अली की पुत्री की शादी में पहुंचे बसपा प्रत्याशी ने कहा की बहुत अधिक तो नहीं कहूंगा मगर आप सभी का सहयोग मिलेगा तो समाज में व्याप्त भय और डर को यथाशीघ्र समाधान करने का प्रयास करुंगा। बिना किसी भेदभाव के हर


लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्या सुनते फूलचंद्र मिश्रा।

तबके के लोगों को जोड़ कर चलूंगा। विकास रोजगार जैसे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए। सदैव तत्पर रहूंगा। गरीब की बहन बेटियों को अच्छी शिक्षा स्वास्थ्य सुविधा देने का वादा करता हूं। इस दौरान मोहम्मद इदरीश, मोहम्मद रइश, मोहम्मद उमर, मोहम्मद अली खां, बसपा विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश गौतम, संतोष तिवारी, गोलू मिश्रा सहित तमाम बसपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# साकेत महाविद्यालय की 52 छात्राओं का प्रशिक्षण के लिये हुआ चयन


प्रशिक्षण के लिये चयनित साकेत महाविद्यालय की छात्राएं।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर के कुशल निर्देशन में महाविद्यालय की 78 छात्राओं की सूची टाटा कन्सल्टेन्सी सर्विसेस को प्रेषित की गई थी जिसमें से 52 छात्राओं का चयन प्रशिक्षण हेतु किया गया।

चयनित छात्राओं ने 100 घण्टे का ऑनलाइन प्रशिक्षण पूर्ण किया। इन प्रशिक्षित छात्राओं को जिला सेवा योजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला सेवा योजन अधिकारी सुधाकर त्रिपाठी एवं शुभम श्रीवास्तव सहायक सेवा योजन अधिकारी की उपस्थिति में रत्नाकर अस्थाना सहायक निर्देशक सेवा योजन प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी अनन्त प्रकाश शुक्ला, डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा एवं महाविद्यालय की रीडर डॉ0 सरिता सिंह द्वारा किया गया। यह जानकारी साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की प्राचार्य डा0 नीलिमा श्रीवास्तव ने दी।

## सर्वसम्मति से प्रधान संघ के अध्यक्ष बनें भूपेन्द्र, दिनेश पाण्डेय महामंत्री

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लाक सभागार मे प्रधानों की बैठक मे भूपेन्द्र यादव को सर्वसम्मति से प्रधान संघ का अध्यक्ष चुना गया। गुरूवार को आयोजित बैठक मे प्रधानों ने हसीना बानो को उपाध्यक्ष व दिनेश चंद्र पाण्डेय को महामंत्री चुना। आदित्य गुप्ता को कोषाध्यक्ष व ओमप्रकाश यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। हरकेश कुमार वर्मा प्रचार मंत्री व जावेद खान को विधिक सलाहकार चुना गया। रामकिंकर, चंद्रमोहन वर्मा, संदीप कुमार, जग्गू, कबीरदास, कालूराम, मीना पाल, माया देवी, नीलम यादव, वीरेन्द्र कुमार को कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे चुना गया है। बतादें कि सप्ताह भर पहले प्रधान संघ का लालगंज मे गठन किया गया था। उससे असंतुष्ट प्रधानों की एक गुट ने गुरूवार को अपना एक अलग संगठन खड़ा कर लिया।

# पुलिस को चार वांछित अभ्रियुक्तों को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/परियावां।** थाना बाघराय से उ0नि0 हरिमोहन राजपूत मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के पाण्डेय तिराहा के पास से मु0अ0सं0 342/21 धारा 323, 307, 504, 506, 352 भादवि व 3(1)द/3(1)ध/3(2)5क/3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित दो वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र मिश्रा उर्फ मुकुन्दे व गगन उर्फ अम्बुज पुत्रगण लालजी मिश्रा उर्फ उल्ले नि0गण धमावा थाना बाघराय को गिरफ्तार किया गया। उधर थाना कन्धई से प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र के इटवा बाजार के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 122/21 धारा 147, 148, 149, 395, 397, 332, 353, 504, 506, 427, 336, 307, 412, 34 भादवि, 7 सीएलए एक्ट व धारा 131, 132(3), 135(क) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त अखिलेश कुमार उर्फ अरूण कुमार पुत्र श्यामू हरिजन नि0 कहेनिया उतरास थाना कन्धई को गिरफ्तार किया गया। उधर महेशगंज पुलिस ने मारपीट के मामले में कई वर्षों से लुका छिपी का पुलिस के साथ खेल रहे आरोपी संदीप पुत्र रामकिशन को मुखबिर की सटीक सूचना पर गुरुवार को उसके घर थाना क्षेत्र के धमोहन से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके जेल भेजा आरोपी मारपीट के कई मामले वांछित है। पुलिस की इस छापामारी से अपराधियो में हड़कम्प मचा हुआ है।

## व्यापार मण्डल ने केन्द्रीय वितमत्री को भेजे सुझाव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को ज्ञापन भेजकर आयकर कानून के सम्बन्ध में आए दिन उद्यमियों एवं व्यापारियों की होने वाली कठिनाईयों से अवगत कराया तथा उनसे मांग की है कि आयकर कानून में लिखे हुए सुझावों के अनुरुप संशोधन किया जाए। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि विश्व के कई देशों में आयकरदाताों को पढ़ाई और दवाई की सुविधा निःशुल्क दी जाती है। भारत में में यह व्यवस्था लागू होनी चाहिये। यह जानकारी जिलाध्यक्ष राजेन्द कुमार केसरवानी ने दी।

## कड़ाके की ठंड की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरवलिया याकूबपुर (बड़ी नरौली) गांव निवासी नफीस अहमद (65) वर्षीय की बुधवार की रात ठंड की चपेट में आने से मौत ही गई। मृतक नफीस अपनी ससुराल में शादी होने के बाद से रहता था जिसके दो लड़का व एक लड़की है जिसकी शादी हो चुकी है। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण अब घर मे खाने को लाले पड़ गए हैं। ससुराल में सास ससुर की पहले ही मौत हो गई है। अब घर मे सिर्फ मृतक की पत्नी रह गई है। लड़का परदेश में मेहनत मजदूरी करके किसी तरह घर का खर्च चला रहा है।

## खबर संक्षेप

### डीएम के सख्त निदेर्शों के बावजूद भी नही रुक रहे ओवर लोड वाहन

#### डीएम के निदेर्शों को ठेंगा दिखा रही पुलिस चौकी, वसूली में मस्त

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के सख्त निदेर्शों पर भी खरे नही उतर रहे पुलिसकर्मी तमाम प्रयास के बाद भी जिले की सड़कों पर फरार्टा भर रहे ओवरलोड बालू वाहनों को पुलिसकर्मी नही रोक पा रहे है ओवरलोड वाहन से पुलिस की वसूली की सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो वायरल हो रही है ओवरलोड वाहनों से पिपरी थाना की चायल पुलिस चौकी मे बेखौफ तरीके से अवैध वसूली हो रही है सड़कों पर वाहनों को रोककर अवैध वसूली में मस्त पुलिस के कारनामों को अभी तक आला अधिकारी संज्ञान नहीं ले सके हैं आखिर किसके सह पर पुलिस कर्मी खुले आम वसूली करते है यह बड़ी जांच का विषय है बालू ट्रकों से अवैध वसूली में लिफ्ट पुलिसकर्मियों के कारनामों कि यदि पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो थाना पुलिस के साथ इनकार नहीं किया जा सकता।

# जिन्ना-जिन्ना चिल्लाकर दंगा करवाना चाहते हैं अखिलेश : स्वतंत्रदेव

## संजय गुप्ता विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश की ओर अग्रसर, योगी सरकार ने असुविधा और अभाव को सुविधा और सद्भाव में बदल दिया है

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चायल विधानसभा के भरवारी केपीएस विद्यालय में पिछड़ा मोर्चा की विशाल जमसभा में उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला इस मौके पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को जनता का विश्वास प्राप्त है, 2022 में एकबार फिर से राज्य के भीतर कमल खिलने जा रहा है।

भरवारी के केपीएस स्कूल में आयोजित सभा में सुबह से ही भारी जनसमुदाय उमड़ पड़ा खराब मौसम के कारण स्वतंत्र देव सिंह सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उनके पहुंचते ही कार्यकताओं का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया विधायक संजय गुप्ता के समर्थकों ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद स्वतंत्र देव सिंह जिंदाबाद संजय गुप्ता विधायक जिंदाबाद के जमकर नारेबाजी की। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि अखिलेश जिन्ना-जिन्ना चिल्लाकर दंगा करवाना चाहते हैं। उन्होंने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि आप सभी जनता के वोट से ही आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, काशी कॉरिडोर भी आपके इसी वोट की बदौलत चमक रहा है।





प्रदेश अध्यक्ष भाजपा स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत करते चायल विधायक संजय गुप्ता व अन्य तथा पिछड़ा वर्ग के सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब का दृश्य

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2024 तक भाजपा हर किसी को पक्का मकान उपलब्ध करवा देगी, शिक्षा-चिकित्सा और बेटियों की शादी में भी यूपी अग्रणी बन रहा है अखिलेश राज में जहां महिलाएं एवं लड़कियां असुरक्षा महसूस करती थी वहीं योगी सरकार के आने के बाद सभी सुरक्षित महसूस कर रही हैं। अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे माफियाओं के काले कारनामों पर योगी का बुलडोजर चल रहा है। सभा को संबोधित करते हुए संजय गुप्ता विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। योगी सरकार ने असुविधा और अभाव को सुविधा और सद्भाव में बदला है। उन्होंने कहा- यहां उपस्थित जनता का उत्साह देखकर साफ नजर आ रहा है प्रदेश में एकबार फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। विधायक सिराथू शीतला प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है यहां पिछड़ों का सम्मान हुआ है पूर्वर्ती सरकार ने पिछड़ों को केवल शोषण का इस्तेमाल किया है विधायक मंझनपुर लाल बहादुर ने कहा कि विपक्षी बौखला गए हैं उन्हें जमीन नहीं मिल रही है 2022 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार फिर बनने जा रही है आम जनता भाजपा से खुशहाल है क्योंकि इस सरकार ने सभी का सम्मान किया है विकास की गंगा चारों तरफ बह रही है। उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के पुत्र योगेश मौर्य ने तंज कसते हुए कहा कि आज ऐसे कई राजनीतिक एजेंसियां है जो भारत के टुकड़े करना चाहते हैं खाते हिंदुस्तान की है और बजाते पाकिस्तान की है अब वह दिन दूर नहीं जो ऐसे देशद्रोहियों को चिन्हित करके भारत के संवैधानिक रूप से कड़ी से कड़ी उन्हें दंड दिया जाए कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप जिला प्रभारी अनिल सिंह अध्यक्ष पुष्पराज पटेल जिला महामंत्री सूरज यादव प्रतीक जयसवाल धर्मराज मौर्य कल्पना सोनकर जगदीश पटेल मोहन मौर्य सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

### गदा देकर किया सम्मानित

**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के भरवारी आगमन पर उन्हें गदा देकर और माल्यार्पण कर उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया है।

### अपार भीड़ देखकर गदगद दिखे प्रदेश अध्यक्ष

**कौशांबी।** भरवारी कस्बे में पिछड़ा वर्ग के सम्मेलन में उमड़े अपार जन समुदाय को देखकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने संजय विधायक की जमकर तारीफ की है उन्होंने कहा कि मौसम खराब है आसमान में बादल और कोहरे छाए हुए हैं लेकिन इसके बाद जिस तरह से पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में भारी भीड़ एकत्रित हुई है इससे यह साबित है कि चायल विधानसभा में जन-जन की जुबान में भाजपा है।

# लूटपाट का विरोध करने पर अधेड़ को मारी गोली

## कोखराज थाना क्षेत्र के बेलहा गांव में किसान के घर आधी रात को आधा दर्जन बदमाशों ने मचाया जमकर तांडव

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चमन्धा गांव के मजरा बेलहा गांव में आधी रात को आधा दर्जन बदमाशों ने एक किसान के घर पर जमकर तांडव मचाया है लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने किसान को गोली मार दी है जिससे किसान लहूलुहान हो गया है।

घायल अवस्था में किसान को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है बदमाशों ने किसान के घर के संदूक का ताला तोड़कर सामान उठा ले गए हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है खबर लिखे जाने तक आधी रात को तांडव मचाने वाले बदमाशों का सुराग रस्सी पुलिस नहीं लगा सकी है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के चमन्धा गांव के मजरा बेलहा में लालचन्द्र के घर आधी रात दो बजे आधा दर्जन बदमाशो ने घर में घुसकर लूट पाट शुरू कर दिया घर के दूसरे दरवाजे में लालचंद ने बाहर से ताला लगा रखा था जिसे तोड़कर बदमाश घर के अंदर प्रवेश कर गए घर के भीतर बदमाशों की आहट पाकर गृहस्वामी



घटना के बाद मौजूद ग्रामीण

लालचंद जाग जाए और उन्होंने लूटपाट कर रहे बदमाशों का विरोध किया जिस पर बदमाशों ने लालचंद को गोली मार दी जिससे वह लहूलुहान हो गए हो हल्ला सुनकर ग्रामीण जाग गए और बदमाशों को ललकारा ग्रामीणों के बीच घिरता देख बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए एक बदमाश को लालचंद ने पकड़ लिया लेकिन बदमाश शाल छोड़कर फरार हो गया है शाल के जरिए पुलिस बदमाशों की टोह में लगी है घायल लालचंद को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है लालचंद के घर से कितने कीमत का सामान बदमाश उठा ले गए हैं खबर लिखे जाने तक इस बात का खुलासा नहीं हो सका है।

# कोहरे के चलते डिवाइडर से टकरा कर पलटा पिकअप वाहन

## दुर्घटनाग्रस्त वाहन पिकअप से 42 गट्ठर तिरपाल लूट ले गए ग्रामीण

**कोखराज कौशांबी।** कानपुर से तिरपाल लाद कर मध्य प्रदेश जा रहा पिकअप कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल के पास कोहरे के चलते डिवाइडर से टकराकर पलट जाने के बाद मौके पर लूट मच गई है और पिकअप में लदे तिरपाल व अन्य सामान को आसपास के लोग लूट ले गए हैं हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप चालक को गाड़ी से बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है खबर लिखे जाने तक पिकअप वाहन से लूटे गए सामान की बरामदगी पुलिस



नहीं कर सकी है दुर्घटनाग्रस्त वाहन से लूटे गए सामान की कीमत दो लाख रुपए बताई जाती है। घटनाक्रम के मुताबिक कानपुर शहर से तिरपाल लादकर पिकअप चालक अमित शर्मा निवासी चित्रकूट मध्य प्रदेश जा रहा था जैसे ही पिकअप चालक कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल के पास पहुंचा तेज कोहरा के चलते दूसरे वाहन को बचाने के चक्कर में पिकअप चालक डिवाइडर से टकराकर सड़क पर पलट गया वाहन के पलटते ही उसमें लदे तिरपाल के गट्ठर सड़क पर बिखर गए पिकअप के पलटते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और वाहन में दबे घायल ड्राइवर को बाहर निकलने से पहले ही तिरपाल के 42 गट्ठर लूट लिया गया तिरपाल लूटे जाने का ड्राइवर विरोध कर रहा था जिस पर उसके साथ मारपीट भी की गई है घटना गुरुवार की सुबह 6:00 बजे के लगभग की बताई जाती है वाहन से लूटे गए तिरपाल की कीमत लगभग 2 लाख बताई जाती है। मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस कोखराज को मिली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हादसे में घायल चालक को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा है वाहन पलटने के बाद उसमें से लूटे गए तिरपाल के गट्ठर का खबर लिखे जाने तक पता नहीं चल सका है।

## न्यूज झरोखा

### नृत्य के माध्यम से नारी सशक्तिकरण पर किया प्रदर्शन



**भरवारी कौशाम्बी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र मूरतगंज में जेंडर सेंसटाइजेशन की गतिविधियां का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैयद सरावा से नारी सशक्तिकरण पर नृत्य के माध्यम से प्रदर्शन किया गया एवं बालिका शिक्षा मीना मंच पर आधारित पपेट शो प्रस्तुत किया गया जिसका सार बालिका शिक्षा था एवं प्रत्येक संकुल से बालिका शिक्षा सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन पर संकुल वार स्टॉल लगाए गए जिस पर पोस्टर क्राफ्ट एवं मॉडल आदि लगाए गए पूर्व माध्यमिक विद्यालय शोभना के बच्चों द्वारा बालिका सुरक्षा पर ताइक्वांडो का प्रदर्शन किया गया जिससे बालिकाओं में जागरूकता एवं आत्म सुरक्षा की भावना जागृत हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मीनू साहू ने उपस्थित होकर शिक्षकों को ऊजार्वान किया एवं महोत्सव में उपस्थित सभी को बालिका शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण के लिए जागरूक किया। इस मौके पर संगठन के कोषाध्यक्ष रवि नारायण मिश्रा आलोक द्विवेदी संकुल शिक्षक राहुल पांडेय रवि भूषण पाठक दिलीप वर्मा उषा देवी कीर्ति यादव अनुराधा मिश्रा अशोक कुमार मौर्य आदि उपस्थित रहें कार्यक्रम का संचालन रविंद्र नारायण मिश्रा ने किया बाल विकास परियोजना कार्यालय की सुपरवाइजर केसरी देवी उपस्थित रहीं एवं विकास खंड की समस्त महिला प्रधानाध्यापिका अभिभावक उपस्थित रहें।

### खपरा खंदेवरा ग्राम प्रधान ने वितरित किया कम्बल

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरा खंदेवरा में ग्राम प्रधान सुनीता देवी ने ठंड से बचाव हेतु गरीब कमजोर निर्बल सैकड़ो लोगों को गुरुवार को कंबल वितरण किया है इस मौके पर प्रधान के द्वारा कम्बल वितरण



किए जाने के बाद ग्रामीणों ने उनकी सराहना की है प्रधान प्रतिनिधि धारा पाल भी कंबल वितरण के समय मौजूद रहे पृथ्वी पाल पुत्र सरदार, शिव बरन पुत्र रामहित रामप्रसाद पुत्र कालेश्वर, शिवकरन पुत्र रामहित कैलाशी देवी पति राम कैलाश कमला देवी पति स्वर्गीय महादेव, जिलानी पति स्वर्गीय दुजई, राजकली पति स्वर्गीय विश्वनाथ सुखरानी पति स्वर्गीय बांकेलाल राम सवारी पति स्वर्गीय बदनलाल सहित तमाम लोग कंबल वितरण के दौरान मौजूद रहे।

### योजनाओं की हकीकत खंगालने घर घर पहुंचे नोडल अफसर

**कौशांबी।** योगी सरकार के कार्यकाल में संचालित सरकारी योजनाएं आम जनता तक पहुंच रही हैं कि नहीं इसकी हकीकत खंगालने के लिए नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के चमनगंज मोहल्ले का भ्रमण किया। नगर वासियों के घरों में घुसकर उन्होंने लोगों की स्थितियों को देखा। इसी बीच नोडल अधिकारी चमनगंज में जाहिदा के घर पहुंच गए और स्थिति खराब देखकर नोडल अधिकारी ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को जमकर फटकार लगाते हुए पूछा कि अभी तक इस गरीब महिला को प्रधानमंत्री आवास क्यों नहीं मिला है इसको पेंशन क्यों नहीं स्वीकृत की गई है नोडल अधिकारी की फटकार पर अधिशासी अधिकारी को पसीना छूट गया। नोडल अफसर ने जाहिदा को तत्काल प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने और पेंशन दिए जाने का निर्देश दिया। इसके बाद कर्बला के बाहर नगर वासियों के साथ नुक्कड़ सभा में सरकारी योजनाओं के संचालन की हकीकत की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि क्या ठेलिया वालों के लिए 10 हजार रुपए तक लोन देने का निर्देश योगी सरकार ने दिया था क्या ठेलिया वालों को लोन मिला है लोगों ने जवाब दिया कि हां सरकार के सहयोग से उन्हें लोन मिल रहा है।



निमार्णाधीन भवनों का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी

# निर्माण कार्यों में धांधली पर कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों को नोडल अफसर ने लगाई फटकार

**डायट के निरीक्षण में छात्र-छात्राओं से वार्ता कर नोडल अधिकारी ने कहा कि देश दुनिया में हो रही घटनाओं की जानकारी हेतु न्यूज पेपर एवं मैगजीन पढ़ें**

**कौशाम्बी।** जनपद के नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुभाष चन्द्र शर्मा ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट के निमार्णाधीन भवन और कार्यालय निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं पुस्तकालय में पुस्तकों का रख-रखाव अव्यवस्थित पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के साथ ही साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित पकरने के निर्देश दिये उन्होंने चहारदीवारी बनाये जाने हेतु भी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने छात्र-छात्राओं से वार्ता करते हुए कहा कि वे सब मास्क अवश्य लगाये तथा देश दुनिया में हो रही घटनाओं की जानकारी हेतु न्यूज पेपर एवं मैगजीन पढ़ें। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि छात्र-छात्राओं को विभिन्न कौशल विकास से सम्बन्धित कार्यों में भी रूचि पैदा करें तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकॉमनायें भी दी नोडल अधिकारी ने परसरा भरवारी में निमार्णाधीन बस स्टैण्ड के निरीक्षण के दौरान परियोजना से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय। उन्होंने निर्माण कार्य से सम्बन्धित साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने सहायक अभियंता को काम कर रहे मजदूरों व उनके परिवारों को आधारभूत सुविधा-भोजन पेयजल एवं शौचालय आदि सुगमतापूर्वक उपलब्ध हो सके इस पर विशेष ध्यान देने के साथ ही मजदूरों का कोविड-19 टीकाकरण कराने के भी निर्देश दिये नोडल अधिकारी ने नरसिंहापुर कछुवा सिराथू में निमार्णाधीन ट्रामा सेन्टर के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी को मैनपॉवर एवं उपकरण समय से उपलब्ध हो सकें, इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। नोडल अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू के निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी से दवाओं की उपलब्धता स्टॉफ की संख्या जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को भुगतान की स्थिति संविदा कर्मियों के भुगतान की स्थिति एवं कोरोना की जॉच व कोविड के नये वैरिएण्ट के दृष्टिगत की गयी तैयारियों की जानकारी प्राप्त की उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को और भी स्टॉफ को ऑक्सीजन के संचालन से सम्बन्धित विस्तृत प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिये। उनके द्वारा भर्ती मरीजों एवं परिजनों से उपलब्ध करायी जा रही चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने एक्सरे कक्ष ओपीडी कक्ष एवं दवा वितरण कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया नोडल अधिकारी ने गौआश्रय स्थल गिरधरपुर गढ़ी कड़ा के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही गोवंशों को ठण्ड से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सीएमओ केसी राय उपजिलाधिकारी सिराथू विनय कुमार गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लाखों की नाली एक सप्ताह में ध्वस्त

## भ्रष्टाचार बढ़ने के बाद अंजनी मिश्रा अधिषाशी अधिकारी को नगर पंचायत अझुवा से शासन ने गैर जनपद भेज दिया था

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशाम्बी।** करारी नगर पंचायत इन दिनों दुर्दशा का शिकार है नाली और इंटरलॉकिंग सड़क बनने के एक सप्ताह में ध्वस्त हो रही हैं लेकिन कमीशन खोरी में लिप्त अधिशासी अधिकारी के कारनामों से अधिकारी बेखबर हैं कुछ माननीय भी नगर पंचायत की धांधली में हिस्सेदार है जिससे सरकारी खजाना लूटने में लगी अधिशासी अधिकारी के गुनाह माफ है करारी नगर पंचायत के चमनगंज अशोक नगर में एक सप्ताह पूर्व इंटरलॉकिंग और नाली का निर्माण लाखों की लागत से कराया गया है लेकिन निर्माण के एक सप्ताह के भीतर नगर पंचायत की नाली ध्वस्त हो गई है इंटरलॉकिंग के सीमेंटेड ईट उखाड़ गयी हैं शिकायत के बाद भी अधिशासी अधिकारी करारी का बाल बांका नहीं हो सका है इसके पूर्व भी नगर पंचायत करारी क्षेत्र में कराए गए कई निर्माण कार्यों में बड़ी धांधली हुई है लेकिन नगर पंचायत की धांधली पर अधिकारी से लेकर शासन के नुमाइंदों ने चुप्पी साध रखी है जिससे कमीशन खोरी की बू आ रही है नगर पंचायत करारी के विकास के नाम पर सरकारी खजाना लूटा जा रहा है लेकिन फिर भी नगर में आम जनता जन समस्याओं से जूझ रही है आखिर कब तक योगीराज में करारी नगर पंचायत के खजाने को लूटा जाता रहेगा।



एक सप्ताह पूर्व बनी नाली और इंटरलॉकिंग का दृश्य

### अझुवा नगर पंचायत में भी हुआ था करोड़ों का खेल

करारी कौशाम्बी करारी नगर पंचायत के पहले अंजनी मिश्रा अधिशासी अधिकारी अझुवा नगर पंचायत में तैनात थी जहां करोड़ों का घोटाला हुआ था शासन स्तर से शिकायत के बाद इनका स्थानांतरण गैर जनपद कर दिया गया था जिससे इनके कार्यकाल के दौरान अझुवा नगर पंचायत के भ्रष्टाचार की जांच की पत्रावली ठंडे बस्ते में चली गई थी लेकिन कुछ दिन बाद करारी नगर पंचायत में दोबारा अंजनी मिश्रा की तैनाती दी गई है जो शासन के नियमों के विपरीत है आखिर किसके सिफारिश पर उसी जनपद में दोबारा अंजनी मिश्रा को तैनाती दी गई है यह बड़ी जांच का विषय है अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा के अझुवा नगर पंचायत और करारी नगर पंचायत में कराए गए विकास कार्यों के गुणवत्ता की शासन स्तर से जांच हुई तो अंजनी मिश्रा का जेल जाना तय है।

### ज्यों ज्यों डॉक्टर ने किया दवा त्यों त्यों बढ़ता गया मर्ज

**लकवा मरीजों के इलाज की आड़ में संगठित अपराध से अर्जित अकूत संपत्ति की जांच कर गैंगस्टर सेक्टर 14ए के तहत कब होगी चिकित्सक पर कार्रवाई**

**कौशांबी।** स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था के चलते जिले में बिना डिग्री अनुभव के कथित चिकित्सक मरीजों के इलाज में लगे हैं जिनके इलाज करने के बाद मरीजों का मर्ज प्रतिदिन बढ़ता जाता है लेकिन इलाज के नाम पर मरीजों को लूटने वाले इन कथित चिकित्सकों के कारनामे पर स्वास्थ्य विभाग से लेकर जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक अंजान बने हैं जिससे चिकित्सकों के हौसले बुलंद हैं और इलाज के बहाने संगठित अपराध के जरिए वह मरीजों को लूट रहे हैं। ऐसा ही एक चिकित्सक ने आलीशान बंगला लग्जरी कार बड़ा बैंक बैलेंस सहित अकूत संपत्ति अर्जित की है। इलाज के बाद मरीज का मर्ज बढ़ने का एक ताजा मामला फिर सामने आया है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के शरीफाबाद गांव निवासी गोरेलाल पुत्र घूरेलाल लकवा बीमारी की आशंका पर मनौरी कस्बे के लकवा का इलाज करने वाले कथित चिकित्सक अंजनी कुमार मिश्रा के यहां दलाल के जरिये पहुंच गए अंजनी कुमार मिश्रा नटवरलाल की तरह एच एल मिश्रा भी बन जाते हैं जहां उनसे अंजनी कुमार मिश्रा उर्फ एच एल मिश्रा ने इलाज की फीस तो ले ली लेकिन इलाज के बाद गोरेलाल का मर्ज ठीक होने के बजाय दिन प्रतिदिन बढ़ता गया जिस पर गोरेलाल की पत्नी ने विरोध किया और अपने पति को अंजनी मिश्रा कथित चिकित्सक के यहां से वापस ले आई है और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया मरीजों के इलाज के बहाने चिकित्सक ने अकूत संपत्ति अर्जित की है आखिर संगठित अपराध के जरिए अर्जित अकूत संपत्ति की जांच कराते हुए चिकित्सक पर कब 14 ए गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए संपत्तियां सीज की जाएंगी। बीते तीन दशक से अवैध तरीके से कैंसर लकवा जैसे गंभीर बीमारियों के झूठे इलाज करने के नाम पर करोड़ों की संपत्ति चिकित्सक ने अर्जित की है बिना डिग्री बिना अनुभव के यह चिकित्सक प्रधानमंत्री को भी तरह तरह से चैलेंज करता है कभी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को इलाज कराने की सलाह देकर मरीजों को ठगता है लंबे समय से इलाज के नाम पर मरीजों को ठगने वाले चिकित्सक पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मेहरबान हैं कई बार यह नटवरलाल चिकित्सक जेल जा चुका है कई बार इसके अस्पताल को स्वास्थ विभाग सीज कर चुका है अस्पताल के सील को तोड़कर फिर चिकित्सक इलाज शुरू कर देता है जिस पर स्वास्थ्य विभाग मजबूर हो रहा है।

# अन्य दल छोड़ सकिपा में शामिल हुए तमाम लोग

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी में अन्य दलों को छोड़कर लोगों का शामिल होना बदस्तूर जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को समर्थ किसान पार्टी के मंझनपुर कार्यालय में भाजपा एवं बसपा जैसे दलों को छोड़कर कई लोग समर्थ किसान पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी एवं पार्टी के अन्य लोगों ने पार्टी में शामिल हुए लोगों का स्वागत किया। साथ ही उन्हें विधानसभा स्तर पर पार्टी में पदाधिकारी बनाया सिराथू से शिव सिंह पटेल जबकि मंझनपुर से शैलेन्द्र मिश्रा को पार्टी में विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर अन्य कई लोगों को भी पार्टी की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर एवं लड्डू खिलाकर उन्हें बधाई दी गई और उनको पार्टी विचारधारा के अनुसार पार्टी हित में काम करने का निर्देश दिया गया। इसके पूर्व पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर के मंझनपुर विधानसभा के पदाधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा एवं बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर स्तर के पदाधिकारी रामबाबू गौतम व सिराथू विधानसभा के बूथ स्तर के पदाधिकारी

**सिराथू से शिव सिंह पटेल जबकि मंझनपुर से शैलेन्द्र मिश्रा बने विधानसभा अध्यक्ष**



किशोरी लाल पाल आदि ने अपनी अपनी पार्टी को छोड़कर समर्थ किसान पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई जिसपर पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने उन्हें सम्मान पूर्वक समर्थ किसान पार्टी की सदस्यता कराकर पार्टी में शामिल किया। अन्य दलों को छोड़कर आए हुए सभी लोगों ने समर्थ किसान पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की विचारधारा के अनुसार पार्टी में काम करने का अपना विचार व्यक्त किया। इसके बाद भाजपा छोड़कर आए शैलेन्द्र मिश्रा को मंझनपुर विधानसभा अध्यक्ष एवं बहुजन समाज पार्टी छोड़कर आए रामबाबू गौतम को सिराथू विधानसभा उपाध्यक्ष जबकि भाजपा छोड़कर आए किशोरी लाल पाल को सिराथू विधानसभा महासचिव बनाया गया। साथ ही शिव सिंह पटेल को सिराथू विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया। इसी क्रम में शिव शंकर दुबे को जिला सचिव जबकि ठाकुर कल्याण सिंह को मंझनपुर विधानसभा महासचिव बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर एवं माला पहनाकर पार्टी की नई जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा कि समर्थ किसान पार्टी के द्वारा किसानों, गरीबों, मजदूरों एवं आम जनता के हित किए जा रहे तमाम जनहित के कार्यों से प्रभावित होकर तमाम लोग समर्थ किसान पार्टी में शामिल हो रहे हैं। हम लोगों ने आम जनता के हित में जो कुछ भी किया है, यह उसी का परिणाम है कि लोग खुद चलकर समर्थ किसान पार्टी में शामिल हो रहे हैं। आने वाले समय में और तमाम लोग समर्थ किसान पार्टी में शामिल होंगे। इस दौरान सिराथू विधानसभा के प्रत्याशी विजय शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष गणेश सोनी, जिला संगठन मंत्री ताम्रध्वज जायसवाल जिला सचिव तीरथ लाल मौर्य, शफीक अहमद, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### दलितों के लिए कब आएंगे अच्छे दिन

उत्तरप्रदेश में इस वक्त चुनाव की गहमागहमी है और एक बार फिर से जाति आधारित मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए राजनैतिक दल रणनीतियां बनाने में लग गए हैं। सत्तारूढ़ भाजपा इस संबंध में सर्वाधिक सक्रिय नजर आ रही है। जुलाई में जब मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था, तो उसमें उत्तरप्रदेश से तीन पिछड़े, तीन दलित और एक ब्राह्मण बिरादरी के सांसद को मंत्री बनाया गया था। इसके बाद विधानसभा चुनावों के पहले एनडीए का कुनबा बढ़ाने में भी भाजपा ने इस सोशल इंजीनियरिंग पर ध्यान दिया। सवर्णों के साथ ही गैर-यादव ओबीसी और गैर-जाटव दलितों को साथ लेने की कोशिश की। उन क्षेत्रीय दलों से गठबंधन किया, जिनका प्रभाव पिछड़े वर्ग के लोगों पर है। इस बीच संकेत मिलने लगे कि ब्राह्मण मतदाता भाजपा से नाराज हैं, तो अब ब्राह्मणों पर भाजपा ध्यान देने में लग गई है। चुनावों में ब्राह्मणों को पार्टी के साथ बनाए रखने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसमें प्रदेश से जुड़े ब्राह्मण नेताओं को सदस्य बनाया गया है और समिति की अध्यक्षता गोरखपुर से राज्य सभा सांसद शिवप्रताप शुक्ल करेंगे। यह समिति राज्य की सभी विधानसभा सीटों पर ब्राह्मणों से संपर्क कर उन्हें भाजपा के साथ जोड़ने का काम करेगी। उत्तरप्रदेश की राजनीति में राज्य की आबादी के 12 प्रतिशत ब्राह्मणों का आशीर्वाद सत्ता के लिए जरूरी समझा जाता है। एक वक्त था जब मायावती को यह आशीर्वाद मिला था, अब भाजपा इसी कोशिश में लगी हुई है।

हो सकता है भाजपा की जाति आधारित रणनीति कामयाब हो, लेकिन इससे समाज में जातिवाद का जो कलंक है, वो क्या और गहरा होगा। क्या सबका साथ, सबका विकास केवल नारा बन कर रह जाएगा, यह सवाल फिर उठने लगा है। क्योंकि उत्तरप्रदेश से दलित अत्याचार की फिर एक भयावह तस्वीर सामने आई है। वायरल वीडियो एक दलित बच्ची की पिटाई का है। वीडियो में एक युवक बिस्तर पर बैठा है और उसका साथी डंडा लेकर खड़ा है और किसी बात से नाराज होकर बिस्तर पर बैठा युवक बच्ची को फर्श पर पेट के बल लेटने को कह रहा। दूसरा युवक उसकी पीठ पर पैर रखकर चढ़ गया है। पास में खड़ी कुछ महिलाएं भी उन दरिंदे युवकों की मदद करती दिख रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि बच्ची को पीठ के बल लिटाकर उसके दोनों पैर के तलवों पर जमकर लाठियां बरसाई जा रही। यह रोंगटे खड़ी करने वाली घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर फुलवारी गांव की है। बताया जा रहा है कि गांव के सूरज सोनी नाम के शख्स के घर से दो मोबाइल फोन चोरी हो गए थे। चोरी का इल्जाम उस बच्ची पर लगा और आरोपियों ने इस तरह की दिल दहलाने वाली सजा देकर बच्ची से सच उगलवाना चाहा। इस घटना का पूरा सच निष्पक्ष जांच के बाद सामने आएगा। लेकिन वीडियो में तो यही दिख रहा है कि एक मासूम को कुछ लोग बुरी तरह शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित कर रहे हैं। अब पुलिस ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून, अनुसूचित जाति- जनजाति अधिनियम (एससी-एसटी) कानून और भारतीय दंड संहिता की अन्य गंभीर धाराओं के तहत आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। लेकिन महज इससे दलितों के खिलाफ अपराध रुक नहीं सकते। केन्द्रीय गृहमंत्रालय ने संसद में बताया है कि 2018 से 2020 के बीच दलितों के खिलाफ अपराध के 1,38,045 मामले दर्ज हुए हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, इनमें से 50,291 मामले तो अकेले पिछले साल सामने आए। इन तीन सालों के दौरान, सबसे ज्यादा 36,467 मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज हुए। इसके बाद बिहार में 20,973, राजस्थान में 18,418 और मध्य प्रदेश में 16,952 मामले दर्ज हुए हैं। इन आंकड़ों को देखकर सबका साथ, सबका विकास का झूठ अपने आप सामने आ जाता है। हरेक बात के लिए पिछले 70 सालों की कमियां गिनाने वाले और पिछली सरकारों को कोसने वाले प्रधानमंत्री मोदी को ये बताना चाहिए कि उन्होंने पिछले सात सालों में ऐसा कोई काम क्यों नहीं किया, जिससे दलितों पर होने वाले अत्याचार कम होते। भारत में बदलाव लाने की बात करने वाले मोदीजी ने जाति, धर्म के नजरिए से चलने वाली राजनीति में कोई बदलाव क्यों नहीं किया। सोशल मीडिया नहीं होता तो ऐसे कितने मामले प्रकाश में ही नहीं आते। याद कीजिए हाथरस कांड की दलित पीड़िता के साथ उसके जिंदा रहते और उसकी मौत के बाद किस तरह का सलूक उप्र प्रशासन ने किया था। बाद में इस मुद्दे पर भाजपा ने किस तरह राजनीति की थी। दलितों के घर पर, पांच सितारा होटल से मंगाया गया भोजन करना और फिर उसकी फोटो खिंचवा कर वाहवाही लूटना, इस तरह की राजनीति से जनता जब तक बहलती रहेगी, तब तक समाज से जातिवाद का दंश दूर नहीं होगा। बिहार में पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने ब्राह्मणों के लिए विवादित टिप्पणी की और उस पर बवाल हुआ तो क्षतिपूर्ति के तौर पर जीतनराम मांझी ने ब्राह्मण भोज करा दिया। लेकिन क्या दलितों पर हुए अत्याचारों के लिए ऐसी कोई क्षतिपूर्ति की पहल मौजूदा भाजपा सरकार में होगी, क्या दलितों के लिए कभी अच्छे दिन आएंगे, ये देखना होगा।

# ओमिक्रॉन का सामना करने को सेवाओं का निर्यात

**भरत झुनझुनवाला**

माल का भौतिक उत्पादन जिस देश में होता है यदि वह देश निर्यात न कर सके तो आयात करने वाले दूसरे देश पर संकट आ पड़ता है। इसलिए कोविड के कारण सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था चरमरा रही है। तुलना में सेवा क्षेत्र की स्थिति अच्छी है। कारण यह है कि सेवायें जैसे आनलाइन ट्यूशन, टेली मेडिसिन, अनुवाद, सिनेमा, संगीत, साफ्टवेयर, इत्यादि के माल की ढुलाई समुद्री अथवा हवाई जहाज से करने की जरूरत नहीं होती है। इसकी ढुलाई इन्टरनेट के माध्यम से हो सकती है। अतः किसी देश में यदि लाकडाउन लगा भी है तो कर्मी अपने घर में बैठकर इंटरनेट से इनका उत्पादन और सप्लाई अनवरत कर सकते हैं। कोविड के ओमिक्रॉन वैरिएंट के उत्पन्न होने से एक बार पुनः विश्व अर्थव्यवस्था पर संकट आ पड़ा है। अलग-अलग देशों में अलग-अलग समय पर लाकडाउन की स्थिति बन रही है। ऐसी स्थिति में जो देश दूसरे देशों से कच्चे माल के आयात अथवा उत्पादित माल के निर्यात पर निर्भर रहते हैं, उनका संकट बढ़ जाता है। हाल में एक कार निमार्ता के एजेंट ने बताया कि अपने देश में गाड़ियों की खरीद की इस समय लगभग 6 से 8 महीने की वेटिंग लिस्ट हो गई है। कारण यह है कि कार के उत्पादन में लगने वाला एक छोटा सा 'सेमी कंडक्टर' जिसका मूल्य मात्र 2,000 रुपये है, वह भारत में नहीं बन रहा है और उसका आयात भी नहीं हो पा रहा है क्योंकि निर्यात करने वाले देशों में कोविड का संकट आ पड़ा है।

इससे दिखाई पड़ता है कि कोविड के कारण उत्पादित माल का विश्व व्यापार संकट में है। यदि एक भी कच्चा माल उपलब्ध नहीं हुआ तो पूरा उत्पादन ठप्प हो जाता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की पत्रिका 'फाइनांस एंड डेवलपमेंट' में एक लेख में कहा गया है कि कोविड संकट के कारण तमाम देश उत्पादित माल वैश्वीकरण से पीछे हटेंगे। इसी क्रम में अपने देश में दवाओं के उद्योग पर भी वर्तमान में संकट है क्योंकि चीन से आयातित होने वाले कुछ कच्चे माल उपलब्ध नहीं हैं। दूसरी तरफ हमारे निर्यात भी संकट में हैं क्योंकि इंग्लैण्ड और नीदरलैंड जैसे देशों में कोविड के कारण लाकडाउन की स्थिति बन रही है और उनके द्वारा हमारा माल खरीदा नहीं जा रहा है। इन संकटों की विशेषता यह है कि ये माल अथवा भौतिक वस्तुओं के व्यापार से उत्पन्न हुए हैं जैसे सिलिकान चिप या दवा के कच्चे माल जिनकी ढुलाई एक देश से दूसरे देश में समुद्री जहाज अथवा हवाई जहाज से करनी होती है। माल का भौतिक उत्पादन जिस देश में होता है यदि वह देश निर्यात न कर सके तो आयात करने वाले दूसरे देश पर संकट आ पड़ता है। इसलिए कोविड के कारण सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था चरमरा रही है।

तुलना में सेवा क्षेत्र की स्थिति अच्छी है। कारण यह है कि सेवायें जैसे आनलाइन ट्यूशन, टेली मेडिसिन, अनुवाद, सिनेमा, संगीत, साफ्टवेयर, इत्यादि के माल की ढुलाई समुद्री अथवा हवाई जहाज से करने की जरूरत नहीं होती है। इसकी ढुलाई इन्टरनेट के माध्यम से हो सकती है। अतः किसी देश में यदि लाकडाउन लगा भी है तो कर्मी अपने घर में बैठकर इंटरनेट से इनका उत्पादन और सप्लाई अनवरत कर सकते हैं। इसलिए वर्तमान ओमिक्रॉन के संकट को देखते हुए हमें भी सेवा क्षेत्र पर ध्यान देने की जरूरत है। मैन्युफैक्चरिंग और सेवा में दूसरा मूल अंतर सूर्योदय और सूर्यास्त का है। आज औद्योगिक देशों में सेवा क्षेत्र का अर्थव्यवस्था में हिस्सा लगभग 90 प्रतिशत, मैन्युफैक्चरिंग का 9 प्रतिशत और कृषि का मात्र 1 प्रतिशत है। भारत में इस समय सेवा लगभग 60 प्रतिशत, मैन्युफैक्चरिंग लगभग 25 प्रतिशत और कृषि 15 प्रतिशत है। दोनों की तुलना करने से स्पष्ट है कि अपने देश में भी सेवा का हिस्सा 60 प्रतिशत से आगे बढ़ेगा तो मैन्युफैक्चरिंग का हिस्सा 25 प्रतिशत से घटेगा। अथवा हम कह सकते हैं कि सेवा क्षेत्र में सूर्योदय होगा जबकि मैन्युफैक्चरिंग में सूर्यास्त रहेगा। इस परिस्थिति में विश्व बाजार में सेवाओं जैसे आनलाइन ट्यूशन की मांग में वृद्धि होगी जबकि उत्पादित माल की मांग में तुलना में कम वृद्धि होगी अथवा गिरावट भी हो सकती है। जाहिर है की जिस क्षेत्र में मांग बढ़ने की संभावना है उस क्षेत्र में यदि हम प्रवेश करेंगे तो अपने माल को आसानी से बेच पायेंगे। सूर्यास्त वाले क्षेत्र में हमको अपना माल बेचने में आगे तक कठिन समस्याएं आएंगी। सेवा और मैन्युफैक्चरिंग का तीसरा अंतर है कि मैन्युफैक्चरिंग में उत्तरोत्तर रोबोट और ऑटोमेटिक मशीनों का उपयोग बढ़ता जा रहा है। इतना सही है कि सेवा क्षेत्र में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से भी रोजगार में गिरावट आ सकती है। लेकिन सेवा के तमाम ऐसे क्षेत्र हैं जिनका काम कम्प्यूटर से नहीं हो सकता है जैसे आन लाइन ट्यूशन को लें। यदि जर्मनी में बैठे किसी युवा को आपको गणित की शिक्षा देनी है तो वह साफ्टवेयर प्रोग्राम से कम ही सफल होगी। उसके लिए सामने एक अध्यापक बैठा होना चाहिए जो छात्र अथवा छात्रा के प्रश्नों का उत्तर दे सके और उनकी कठिनाइयों का निवारण कर सके। लगभग एक दशक पूर्व एनीमेटेड फिल्मों का जोर था। कम्प्यूटर से बनाई गई फिल्में कुछ आईं। समयक्रम में अब इनका चलन समाप्त होने लगा है और आज एनिमेटेड सिनेमा का उत्पादन कम हो रहा है। इसका अर्थ यह है कि कुछ विशेष सेवा क्षेत्रों को छोड़ दें तो ऑनलाइन ट्यूशन जैसे तमाम स्थान हैं जहां कम्प्यूटर अथवा रोबोट मनुष्य का स्थान नहीं ले सकेंगे। इसलिए सेवा क्षेत्र तुलना में सुरक्षित रहेगा। चौथा अंतर यह है कि अपने देश में प्राकृतिक संसाधनों का अभाव है। प्रति हेक्टेयर भूमि में हमारी जनसंख्या दूसरे देशों की तुलना में अधिक है। अपने देश में कोयला, बिजली और अन्य खनिज भी दूसरे देशों की तुलना में कम ही पाए जाते हैं। मैन्युफैक्चरिंग में इन प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग अधिक होता है। जैसे आपको स्टील बनाने के लिए कोयला और लौह खनिज की भारी मात्रा में आवश्यकता होती है।

यदि आपके पास कोयला नहीं है तो आपको उसका आयात करना होगा और जो कि महंगा पड़ेगा और आयातित कोयले से आपके द्वारा निर्मित स्टील महंगा पड़ेगा। ये चार कारण बताते हैं कि आने वाले समय में सेवा क्षेत्र में हमारी स्थिति अच्छी हो सकती है। पहला कि मैन्युफैक्चरिंग का वैश्वीकरण पीछे हटेगा, दूसरा सेवा क्षेत्र का हिस्सा उत्तरोत्तर बढ़ रहा है, तीसरा सेवा क्षेत्र में रोजगार तुलना में सुरक्षित हैं और चौथा सेवा क्षेत्र के लिए प्रमुख कच्चा माल शिक्षा है जो हमारे पास उपलब्ध है और प्राकृतिक संसाधनों का अपने यहां अभाव है। इन चारों कारणों को देखते हुए हमको ओमिक्रॉन वैरिएंट का सामना करने के लिए उत्पादित माल के निर्यात के स्थान पर सेवाओं के निर्यात पर विशेष ध्यान देना चाहिए। यह आश्चर्य की बात है कि इन तमाम तथ्यों के बावजूद सरकार का ध्यान उत्पादित माल के निर्यात पर ही अधिक दिखता है। इसका एक मात्र कारण यह दिखता है कि उत्पादित माल की फैक्ट्री लगाने में जमीन का आबंटन, बिजली का कनेक्शन, पोल्यूशन का अनापत्ति पत्र, जंगल काटने की स्वीकृति, ड्रग लाइसेंस, फूड प्रॉडक्ट का लाइसेंस इत्यादि इत्यादि तमाम सरकारी लाइसेंसों की जरूरत पड़ती है जिसमें नौकरशाही को भारी लाभ होता है। इसलिए सरकार को विचार करना चाहिए कि क्या वे नौकरशाही के हितों की रक्षा करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग को ही बढ़ाएगी अथवा जनता के हित को साधने के निर्यात पर विशेष ध्यान देगी। यह आज की चुनौती है।

# नव सृजन से हो नव-वर्ष का अभिनंदन

**विनोद बंसल**

भारत व्रत, पर्व व त्योहारों का देश है। यूं तो हम हर दिन को पावन मानते हैं। महापुरुषों की मृत्यु के दिनों पर भी हम छाती पीटते या शोक व्यक्त करने के स्थान पर उसे पुण्य तिथि के रूप में मनाते हुए कुछ नव-संकल्पों के साथ उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेते हैं। हम सदैव उत्कर्ष, प्रकाश, प्रगति, धर्म तथा विश्व-कल्याण मार्ग के अनुगामी हैं। नकारात्मकता का किसी भी भारतीय पर्व या त्योहारों में कोई स्थान है ही नहीं। नव वर्ष भी तो एक नव सृजन का ही संदेश लेकर आता है। कुछ नया होता है तभी तो उसे नया वर्ष कहते हैं। जब नया आता है तो उसका स्वागत भी तो धूम धाम से होना ही चाहिए।

इस धूमधाम का वास्तविक अर्थ क्या! नव वर्ष के स्वागत के लिए कुछ ऐसा करना चाहिए जिससे हर मन में सात्विक नव ऊर्जा का संचार हो। हमारे संस्कार व संस्कृति कहती है कि हम नवागंतुक का स्वागत दीप जलाकर, थाली सजा, आरती उतार कर करें। कुमकुम, तिलक या टीका लगाकर, स्वच्छ वस्त्र पहनकर, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से घर को सुगंधित कर शंख व मंगल ध्वनि के साथ हवन-यज्ञ, सत्संग आराधना द्वारा प्रभु का गुणगान करें। प्रभात-फेरियां निकालें, गऊओं, संतों व वरिष्ठ जनों की सेवा कर, संतों, विद्वानों, कन्याओं, निराश्रितों तथा गौ माताओं को भोजन कराकर पुण्य लाभ कमाएं। भगवान के मंदिर जाएं, गरीबों और रोगियों की सहायता, वृक्षारोपण, समाज में प्यार और विश्वास बढ़ाने के प्रयास, तथा शिक्षा का प्रसार जैसे कार्यों का संकल्प लें। इनके अलावा भी जीवन में उत्साह व आनंद भरने तथा आत्म गौरव बढ़ाने संबंधी अनेक अन्य प्रकार भी स्वागत व अभिवादन हेतु प्रयुक्त किए जा सकते हैं। इसके स्वागतार्थ जाम से जाम टकराने की जगह गौ-घृत के दीप-से दीप जलाकर हृदय से हृदय मिलाएं। बड़ों का तिरस्कार कर नहीं अपितु, उनका अनुशासन व आशीर्वाद पा कर करें नव वर्ष का स्वागत।

विचारणीय बात यह भी है कि कोई भी पर्व या त्योहार तब तक भारतीय नहीं कहलाया जा सकता जब तक कि उसके मनाने से जीवन में नव उत्साह या आनंद का संचार ना हो। कोई शिक्षा या संदेश ना हो। उसके पीछे कोई विचार, आदर्श या ज्ञान-विज्ञान ना हो। काल गणना का प्रत्येक पल अपना विशिष्ट महत्व रखता है। किंतु, भारतीय नव वर्ष (विक्रमी संवत) का पहला दिन (यानी वर्ष प्रतिपदा) अपने आप में अनूठा है। इसे नव संवत्सर भी कहते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमते हुए इसी दिन सूर्यदेव का एक चक्कर पूरा करती है। दिन-रात बराबर होते हैं। चंद्रमा की चांदनी अपनी छटा बिखेरना प्रारंभ कर देती है। ऋतुओं के राजा वसंत के आगमन के कारण प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर होता है। फागुन के रंग और फूलों की सुगंध तन-मन को प्रमुदित कर देती है। विक्रमी संवत की वैज्ञानिकता भी उल्लेखनीय है। पराक्रमी सम्राट विक्रमादित्य द्वारा प्रारंभ किए जाने के कारण इसे विक्रमी संवत के नाम से जाना जाता है। इसे ईस्वी सन से 57 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया। इस संवत के बाद से ही वर्ष को 12 माह का और सप्ताह को 7 दिन का माना गया। चंद्रमा के पृथ्वी के चारों ओर एक चक्कर लगाने को एक माह माना जाता है, जो कि वास्तव में 29 दिन का होता है। हर मास को दो भागों में बांटा जाता है। कृष्णपक्ष और शुक्लपक्ष।

> कृष्णपक्ष और शुक्लपक्ष। कृष्णपक्ष में चंद्रमा का आकार घटता है किन्तु, शुक्लपक्ष में वह बढ़ता है। कृष्ण पक्ष के अंतिम दिन (अमावस्या) चंद्रमा बिल्कुल दिखाई नहीं देता। जबकि, शुक्ल पक्ष के अंतिम दिन (पूर्णिमा) चन्दा मामा अपने पूरे यौवन पर होते हैं। आधी रात के बदले सूर्योदय से दिन बदलने की व्यवस्था, सोमवार के स्थान पर रविवार को सप्ताह का प्रथम दिवस मानना और चैत्र कृष्ण प्रतिपदा के स्थान पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही वर्ष को आरंभ करने का भी एक बड़ा वैज्ञानिक आधार है। इंग्लैंड के ग्रीनविच नामक स्थान से तारीख बदलने की व्यवस्था रात के 12 बजे से है। सोचिए! वह इसलिए है क्योंकि उस समय भारत में भगवान सूर्य की अगवानी हेतु प्रातः 5.30 बजे होते हैं। सप्ताह के वारों का नामकरण भी तो देखो कितना वैज्ञानिक है! आकाश में ग्रहों की स्थिति सूर्य से प्रारंभ करें तो हम पाते हैं कि ये सभी क्रमशः बुध, शुक्र, चंद्र, मंगल, गुरु और शनि हैं। पृथ्वी के उपग्रह चंद्रमा सहित इन्हीं अन्य छह ग्रहों पर सप्ताह के सात दिनों का नामकरण किया गया।

कृष्णपक्ष में चंद्रमा का आकार घटता है किन्तु, शुक्लपक्ष में वह बढ़ता है। कृष्ण पक्ष के अंतिम दिन (अमावस्या) चंद्रमा बिल्कुल दिखाई नहीं देता। जबकि, शुक्ल पक्ष के अंतिम दिन (पूर्णिमा) चन्दा मामा अपने पूरे यौवन पर होते हैं। आधी रात के बदले सूर्योदय से दिन बदलने की व्यवस्था, सोमवार के स्थान पर रविवार को सप्ताह का प्रथम दिवस मानना और चैत्र कृष्ण प्रतिपदा के स्थान पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही वर्ष को आरंभ करने का भी एक बड़ा वैज्ञानिक आधार है। इंग्लैंड के ग्रीनविच नामक स्थान से तारीख बदलने की व्यवस्था रात के 12 बजे से है। सोचिए! वह इसलिए है क्योंकि उस समय भारत में भगवान सूर्य की अगवानी हेतु प्रातः 5.30 बजे होते हैं। सप्ताह के वारों का नामकरण भी तो देखो कितना वैज्ञानिक है! आकाश में ग्रहों की स्थिति सूर्य से प्रारंभ करें तो हम पाते हैं कि ये सभी क्रमशः बुध, शुक्र, चंद्र, मंगल, गुरु और शनि हैं। पृथ्वी के उपग्रह चंद्रमा सहित इन्हीं अन्य छह ग्रहों पर सप्ताह के सात दिनों का नामकरण किया गया। एक और बात, तिथि घटे या बढ़े किंतु सूर्य ग्रहण सदा अमावस्या को होगा और चंद्र ग्रहण सदा पूर्णिमा को होगा। इसमें अंतर हो ही नहीं सकता। तीसरे वर्ष एक मास बढ़ जाने पर भी ऋतुओं का प्रभाव उन्हीं महीनों में दिखाई देता है जिनमें, सामान्य वर्षों में दिखाई पड़ता है। वसंत के फूल चैत्र-वैशाख में तथा पतझड़ माघ-फागुन में ही होती है। यानि, इस काल गणना में नक्षत्रों, ऋतुओं, महीनों व दिवसों आदि का निर्धारण पूरी तरह प्रकृति पर आधारित है।

जिस प्रकार ईस्वी संवत का संबंध ईशा मसीह से है, उसी प्रकार हिजरी संवत का संबंध पैगंबर हजरत मुहम्मद से है। किंतु विक्रमी संवत का आधार कोई व्यक्ति न हो कर प्रकृति और खगोलीय सिद्धांत हैं। इसीलिए हमारे यहां नव वर्ष का स्वागत रात के अंधेरे में नहीं बल्कि, सूरज की पहली किरण के साथ किए जाने की परंपरा है। इतने वैज्ञानिक, खगोलीय, धार्मिक सांस्कृतिक व आध्यात्मिक सम्पन्नताऐं तथा नवीनताऐं लिए भारतीय नव वर्ष को छोड़ सिर्फ अंग्रेजी अवैज्ञानिक मान्यताओं के आधार पर बने ईस्वी संवत को हम कब तक ढोते रहेंगे। वैसे भी जरा सोचिए! घर-परिवार, व्यवसाय व समाज में कोई खुशी का अवसर हो यथा जन्म का, संस्कारों का, गृह प्रवेश का, यात्रा का, शादी-विवाह इत्यादि का, तो उसका शुभ मुहूर्त निकलवाने हम पंडित जी के पास जाते ही हैं ना! पंडित जी वह मुहूर्त भी तो इसी काल गणना के आधार पर निकालते हैं, अंग्रेजी कलेंडर से नहीं। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने स्वाभिमान, स्व-संस्कृति तथा स्वधर्म का पालन करते हुए नव-वर्ष को पूरी निष्ठा पूर्वक आत्मसात कर धूम-धाम से मनाएं और विश्वभर में वेदामृत का प्रकाश फैलाएं। यदि दूसरों के त्योहारों या मान्यताओं का साथ देने भर की बात हो तो उसमें भी अपनी मयार्दाओं, संस्कारों तथा नैतिक मूल्यों को कदापि ना छोड़ें। कुछ ना कुछ समाजोपयोगी या जन-कल्याणकारी कार्य का शुभारंभ अवश्य करें और रात्रि के अंधेरे के स्थान सूर्य की पहली किरण से करें उसका अभिनंदन। आखिर नव-सृजन से ही तो होना चाहिए नव-वर्ष का अभिनंदन!

# रायपुर पर बदनुमा दाग

**सर्वमित्रा सुरजन**

कुछ अरसे में जिस तरह की घटनाएं प्रदेश में हुई हैं, उससे इन उम्मीदों को धक्का लग रहा है। इस साल अक्टूबर में ही हिंदू संगठनों ने कबीरधाम में 108 फीट ऊंचा भगवा झंडा लहराया था, जिसके बाद जिले में कर्फ्यू की नौबत आ गई थी। कांग्रेस ने इस घटना के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था। अब धर्मसंसद पर भी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालने की राजनीति शुरू हो गई है। लेकिन इसके बीच सवाल यही उठता है कि भूपेश बघेल सरकार पहले से सतर्क क्यों नहीं रही। क्या कांग्रेस के लोग दक्षिणपंथी ताकतों की चालों से नावाकिफ हैं। साल 2021 जाते-जाते विविधताओं के संगम शहर रायपुर पर बदनुमा दाग छोड़ गया। आने वाले कुछ दिनों में अखबारों और चैनलों पर साल भर का लेखा-जोखा कई तरह से पेश किया जाएगा।

कहीं बीते साल की सुनहरी यादों को ताजा किया जाएगा, कहीं दुखद स्मृतियों को पीछे छोड़ भविष्य के लिए नयी उम्मीदें बांधी जाएंगी। इनके बीच 25 और 26 दिसम्बर को आयोजित धर्मसंसद को किस तरह से याद किया जाएगा, यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा। पाठक जानते हैं कि रायपुर की इस धर्मसंसद में देश के अलग-अलग इलाकों से आये हुए साधु-संतों ने हिंदू धर्म पर छाए कथित तौर पर खतरे, हिंदू राष्ट्र, हिंदुओं की कम होती संख्या, हिंदुत्व और धर्मांतरण जैसे विषयों पर भाषण दिए। कई साधुओं ने अल्पसंख्यकों के लिए विवादित टिप्पणियां कीं। यही सब कुछ दिनों पहले हरिद्वार की धर्मसंसद में भी हुआ था। हरिद्वार में तो धर्म के नाम पर कत्लेआम को भी जायज ठहराया जा रहा था। जब इन विवादित भाषणों के वीडियो सोशल मीडिया के जरिए वायरल हुए और फिर भाजपा सरकार की आलोचना होने लगी, तब जाकर हरिद्वार धर्मसंसद में विवादित भाषण देने वाले कुछ लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई। हालांकि हरिद्वार के बाद कुछ लोग रायपुर की धर्मसंसद में भी शरीक हुए और यहां भी वैसी ही जहर उगलती बातें कीं, इससे समझा जा सकता है कि इन कानूनी कार्रवाइयों का कितना असर नफरत के सौदागरों पर पड़ता है। हैरानी इस बात की है कि रायपुर में धर्मसंसद के आयोजकों ने इस बात की परवाह क्यों नहीं की, कि यहां जो लोग मंच पर बिठाए जा रहे हैं, उनकी पृष्ठभूमि क्या है। धर्म की रक्षा के नाम पर वे किस हद तक कट्टरता का प्रसार कर सकते हैं। हरिद्वार की धर्मसंसद में जहां अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया, वहीं रायपुर की धर्मसंसद में महात्मा गांधी को सार्वजनिक तौर पर अपशब्द कहे गए।

जिस रायपुर को अब तक ये अभिमान था कि सौ साल पहले बापू ने यहां की धरती पर कदम रखे थे। धमतरी के कंडेल में नहर सत्याग्रह को अपना समर्थन देने बापू पहुंचे थे, रायपुर में पुरानी बस्ती के जैतूसाव मठ में दलितों का प्रवेश कराया था। आज उसी रायपुर में एक मंच से न केवल बापू की हत्या करने वाले गोडसे की तारीफ की गई, बल्कि राष्ट्रपिता के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया गया। महाराष्ट्र के अकोला से आए कथित संत कालीचरण ने जब बापू के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, तब धर्मसंसद में बैठे कुछ लोगों ने तालियां भी बजाईं। हालांकि इसके तुरंत बाद ही धर्मसंसद के संयोजक महंत रामसुंदर दास ने इन बातों पर कड़ी आपत्ति जताई और खुद को इस धर्मसंसद से दूर कर लिया। जबकि धर्मसंसद में मौजूद कांग्रेस नेता प्रमोद दुबे की शिकायत पर पुलिस ने कालीचरण के खिलाफ मामला दर्ज किया। लेकिन इस कवायद का कोई अर्थ नहीं निकला, क्योंकि कालीचरण रायपुर से जा चुका है। खबर है कि महाराष्ट्र के अकोला में भी उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। वैसे कालीचरण ने नया वीडियो जारी कर छत्तीसगढ़ सरकार को चुनौती दी है। इस वीडियो में कालीचरण ने कहा, गांधी को अपशब्द कहने के लिए मुझ पर एफआईआर हुई है। मुझे उसका कोई पश्चाताप नहीं है। मैं गांधी से नफरत करता हूं, मेरे हृदय में गांधी के प्रति तिरस्कार है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- कालीचरण बहुत साहसी है तो यहां आकर सरेंडर करे, नहीं तो छत्तीसगढ़ पुलिस गिरफ्तार करने जाएगी। इससे पहले भूपेश बघेल ने यह भी कहा था कि अगर इस तरह के गुंडे भगवा वस्त्र धारण करके, ऐसी भाषा का प्रयोग करेंगे तो वह संत नहीं कहलाएंगे। आयोजकों को कार्यक्रम में ऐसे लोगों बुलाना चाहिए जिससे समाज का लाभ हो। अगर ऐसे लोगों को बुलाया जा रहा है जो भगवा वस्त्र धारण किए हुए हैं और गुंडे हैं, तो उनको तो आप संत नहीं कह सकते।

आयोजकों को क्या नहीं पता था कि धर्मसंसद में शामिल होने वाले लोग किस मानसिकता के हैं। और इस मामले में छत्तीसगढ़ सरकार भी क्या अनभिज्ञ थी। याद करें, दो महीने पहले छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग ने मुक्तिबोध स्मारक समिति के साथ मिलकर 13 नवंबर को गजानन माधव मुक्तिबोध जयंती समारोह का आयोजन किया था। जिसमें प्रस्तावित कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों का नाम सामने आने पर विवाद खड़ा हो गया था। समारोह की संगोष्ठी में आमंत्रित देहरादून के डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र का भी विरोध किया गया था, जिनकी वैचारिक प्रतिबद्धता कांग्रेस के विपरीत और दक्षिणपंथ के करीब दिखाई देती है। जब विवाद बढ़ा तो छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिव चंदन यादव ने इसका संज्ञान लेते हुए आयोजन के रद्द होने की सूचना दी। इस संबंध में सोशल मीडिया पर चंदन यादव ने लिखा था कि आप सबको आश्वस्त करता हूं कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार फासीवादी, सांप्रदायिक और जातिवादी तत्वों से संघर्ष के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ सरकार की सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ इस प्रतिबद्धता पर यकीन करने के पर्याप्त कारण हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस के उन चंद नेताओं में शुमार हैं, जो लगातार संघ और भाजपा के विभाजनकारी एजेंडे के खिलाफ मुखर रहे हैं। दिसंबर, 1992 में जब बाबरी मस्जिद ढहाई गई थी, तब भूपेश बघेल युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष थे। उस समय उन्होंने तत्कालीन दुर्ग जिले में 350 किलोमीटर की 'सद्भावना पदयात्रा' निकाली। इस सद्भावना पदयात्रा के दौरान ही भूपेश बघेल की राजनैतिक प्रतिबद्धता और जुझारूपन को कांग्रेस नेतृत्व ने पहचाना और फिर उन्हें विधानसभा चुनाव का टिकट मिला, इसके बाद उन्होंने जो विजय यात्रा शुरू की, वो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद जैसे महत्वपूर्ण मुकाम तक पहुंची। इसलिए श्री बघेल से छत्तीसगढ़ की यह स्वाभाविक उम्मीद बंधी थी कि यहां की सांप्रदायिक सद्भाव की खास पहचान उनके नेतृत्व में सुरक्षित बनी रहेगी। उनके अब तक के शासन में छत्तीसगढ़ में 2260 किलोमीटर लंबा राम वनगमन पथ, राम रथ यात्रा, कौशल्या माता मंदिर जीर्णोद्धार, गांव स्तर पर मानस प्रतियोगिता, गोबर खरीदी जैसे कई मुद्दों पर काम हुआ है, जो मूलतः हिंदुत्ववादी राजनीति के दायरे में आते हैं। भूपेश बघेल की इस रणनीति को भाजपा से उसके मुद्दे छीनने की तरह देखा गया। लगातार 15 बरसों के भाजपा शासन के बाद छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी, तो इसे न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि की तरह देखा गया था। क्योंकि 2014 से केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद जिस तरह देश भर में हिंदुत्ववादियों, कट्टरपंथियों का बोलबाला हुआ, उसमें यह निराशा छाने लगी थी कि धर्मनिरपेक्ष और उदारवादी मूल्यों की राजनीति के लिए जगह इतनी सिकुड़ती क्यों जा रही है। ऐसे में जब मध्यप्रदेश और राजस्थान के साथ छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस की सरकार बनी तो इसे राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की बड़ी छलांग के तौर पर देखा गया।

छत्तीसगढ़ में राजनीति और समाज में एक बड़े, सार्थक बदलाव की उम्मीदें बंधने लगीं। लेकिन पिछले कुछ अरसे में जिस तरह की घटनाएं प्रदेश में हुई हैं, उससे इन उम्मीदों को धक्का लग रहा है। इस साल अक्टूबर में ही हिंदू संगठनों ने कबीरधाम में 108 फीट ऊंचा भगवा झंडा लहराया था, जिसके बाद जिले में कर्फ्यू की नौबत आ गई थी। कांग्रेस ने इस घटना के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था। अब धर्मसंसद पर भी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालने की राजनीति शुरू हो गई है। लेकिन इसके बीच सवाल यही उठता है कि भूपेश बघेल सरकार पहले से सतर्क क्यों नहीं रही। क्या कांग्रेस के लोग दक्षिणपंथी ताकतों की चालों से नावाकिफ हैं, क्या सरकार में इतने भोले-भाले, मासूम लोग बैठे हैं कि उनकी नाक के नीचे न केवल सांप्रदायिक तनाव फैलाने की नीयत से आयोजन हुए, बल्कि राष्ट्रपिता के अपमान से भी लोग नहीं झिझके। घटना हो जाने के बाद कार्रवाई करना अच्छी बात है, लेकिन बेहतर यही होता कि इस साजिश को सरकार पहले से पहचान लेती। कई धर्मों, जातियों और भाषाओं के लोगों का संगम तालाबों के शहर रायपुर की पहचान रहा है। रायपुर के तालाब तो कांक्रीट के जंगलों के नीचे दब गए हैं, लेकिन भाषायी, जातीय और धार्मिक विविधता का यह संगम सांप्रदायिकता के खारे जल में लुप्त न हो जाए, यह ध्यान भूपेश बघेल सरकार को रखना होगा।

# सेंचुरियन टेस्ट में ऐतिहासिक जीत के बाद टीम इंडिया ने मनाया जश्न

**नईदिल्ली।** भारत ने गुरुवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में एतिहासिक जीत दर्ज की। भारत ने साल 2021 के आखिरी टेस्ट में साउथ अफ्रीका को 113 रन से हराकर एतिहासिक जीत दर्ज कर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने सेंचुरियन में पहली बार टेस्ट मैच जीता है। बीसीसीआई ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें टीम इंडिया के खिलाड़ी जीत के बाद जश्न मनाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में दिख रहा है कि टीम इंडिया के खिलाड़ियों के लिए इस जीत का मतलब क्या है। भारत सुपरस्पोर्ट पार्क में टेस्ट में जीतने वाला वाला एशिया का पहला देश बन गया।



बीसीसीआई ने ट्वविटर पर शेयर किए वीडियो के कैप्शन में लिखा,'सेंचुरियन के नजारे। इउउकळश पर सुपरस्पोर्ट पार्क स्टेडियम में #ळींकल्ल्र् की ऐतिहासिक जीत के बाद पर्दे के पीछे के सीन। पूरा वीडियो जल्द आ रहा है। बने रहिए।' बीसीसीआई ने ट्विटर पर 28 सेकेंड की क्लिप शेयर की है। इसमें खिलाड़ी जीतने के बाद मैदान में जश्न मनाते नजर आ रहे हैं। विराट कोहली की इस वीडियो में छोटी सी बाइट है जिसमें वो बता रहे हैं कि साउथ अफ्रीका के किसी भी मैदान में टेस्ट सीरीज आसान नहीं होती है। खासकर सेंचुरियन में। ये तथ्य है कि हमने तीन में यहां रिजस्ट हासिल कर लिया। खिलाड़ियों ने पूरी ताकत और अनुशासन दिखाया।

साउथ अफ्रीका को इस टेस्ट मैच को जीतने के लिए दूसरी पारी में 305 रनों की जरूरत थी। लेकिन टीम इंडिया ने लंच के बाद ये मैच 113 रनों से जीत लिया। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी ने 3-3 विकेट लिए। कप्तान डीन एल्गर ने साउथ अफ्रीका की तरफ से 77 रनों की पारी खेली। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने नहीं टिक पाया। टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच तीन जनवरी से जोहानिसबर्ग में खेला जाएगा।

## सेंचुरियन टेस्ट में हार के बाद क्विंटन डिकॉक ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का किया ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान किया है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट छोड़ने का ऐलान किया है। उनके इस फैसले ने हर किसी को चौंका दिया है। भारत के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में वो कुछ खास नहीं कर पाए थे। दोनों पारियों में वो नाकाम रहे थे। टीम इंडिया ने सेंचुरियन टेस्ट में साउथ अफ्रीका को 113 रनों से हराकर एतिहासिक जीत दर्ज की। 29 साल के डिकॉक के फैसले से हर कोई हैरान है। डिकॉक ने साउथ अफ्रीका के लिए 54 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें उन्होंने 3300 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 38.83 का रहा है। डिकॉक ने टेस्ट मैच में 6 टेस्ट सेंचुरी और 22 फिफ्टी जड़ी हैं। सेंचुरियन टेस्ट की बात करें तो डिकॉक ने पहली पारी में 34 रनो और दूसरी पारी में मात्र 21 रन बनाए।ॉ




हालांकि वो वनडे और टी-20 इंटरनेशनल खेलते रहेंगे। गौरतलब है कि सेंचुरियन में साउथ अफ्रीका को पहली बार किसी एशियाई टीम ने हराया है। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट से बाद डिकॉक पैटरनिटी लीव लेने वाले थे लेकिन उन्होंने पहले टेस्ट में हार के बाद अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सबको सोचने पर मजबूर कर दिया।

गौरतलब है कि टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान डिकॉक ने ब्लैक लाइव मैटर्स अभियान के खिलाफ घुटने के बल बैठने से इनकार कर दिया था। इसकी वजह से वो सुर्खियों में रहे थे लेकिन बाद में उन्होंन ऐसा करने के लिए माफी मांग ली। विज्ञप्ति में डी कॉक के हवाले से कहा गया है, 'यह ऐसा निर्णय नहीं है जिस पर मैं बहुत आसानी से आ गया हूं। मैंने यह सोचने में बहुत समय लिया है कि मेरा भविष्य कैसा दिखता है और अब मेरे जीवन में क्या प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जब साशा और मैं इस दुनिया में अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं और अपने परिवार को आगे बढ़ाना चाहते हैं।




## आईसीसी ने महिला टी20 प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए 4 खिलाड़यों को किया नॉमिनेट

**नई दिल्ली।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को गुरुवार को तीन अन्य क्रिकेटरों के साथ आईसीसी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला टी-20 खिलाड़ी पुरस्कार के लिये नॉमिनेट किया गया। मंधाना के अलावा इंग्लैंड की क्रिकेटर टैमी ब्यूमोंट और नेट साइवर तथा आयरलैंड के गैबी लुईस इस पुरस्कार की अन्य दावेदार हैं। मंधाना ने साल 2021 में नौ टी20 मैचों में 31.87 की औसत से 255 रन बनाए है। इसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। भारत के किसी भी खिलाड़ी को हालांकि वर्ष 2021 के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर के लिये नामित नहीं किया गया है। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, दक्षिण अफ्रीका के जानेमन मलान और आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं।

## सेंचुरियन टेस्ट में सेंचुरी जड़ने वाले केएल राहुल ने बताया, भारतीय क्रिकेट के लिए साल 2021 क्यों रहा खास

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को अपने साल 2021 के आखिरी टेस्ट में साउथ अफ्रीका को 113 रन से हराकर एतिहासिक जीत दर्ज की। भारत ने सेंचुरियन में पहली बार टेस्ट मैच जीता है। केएल राहुल ने बताया कि साल 2021 भारत के लिए यादगार रहा। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा में असंभव मानी जा रही जीत हासिल करना और अब दक्षिण अफ्रीका को सेंचुरियन में हराने के बाद साल 2021 को भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल वर्षों में गिना जा सकता है। बीसीसीआई ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें केएल राहुल साल 2021 के टीम इंडिया के प्रदर्शन के बारे में बता रहे हैं। केएल राहुल ने कहा, 'भारतीय टीम के लिये यह




साल शानदार रहा। हमने इस साल जिस तरह की उपलब्धियां हासिल की वे वास्तव में विशेष हैं। मेरा मानना है कि इसे भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे शानदार वर्षों में गिना जाएगा, खासकर टेस्ट क्रिकेट के लिहाज से। ऐसी जीत के लिए काफी मेहनत और अनुशासन की जरूरत पड़ती है। हमने एक टीम के तौर पिछले कुछ वर्षों में काफी कड़ी मेहनत की है और धीरे धीरे इसके रिजल्ट दिखने भी शुरू हो गए और बहुत खुश है। इस समय ड्रेसिंग रूम का माहौल शानदार है। यह एक बेहतरीन जीत है। कोई भी एशियाई टीम यहां सेंचुरियन में नहीं जीत पायी है और इससे पता चलता है कि हमने पिछले दो सप्ताह में किस तरह की तैयारियां की हैं।'

राहुल ने आगे कहा,'हमने एक टीम के रूप में वास्तव में कड़ी मेहनत की। हमने ट्रेनिंग और प्रैक्टिस का पूरा मजा लिया।सीरीज के पहले टेस्ट मैच में इस तरह के प्रदर्शन से हम काफी खुश हैं। टीम ने हर विभाग में अच्छा खेल दिखाया। हम एक दिन इस जीत का जश्न मनाएंगे और फिर अगले टेस्ट मैच की तैयारियों पर लग जाएंगे।' टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच तीन जनवरी से जोहानिसबर्ग में खेला जाएगा। भारत इस समय 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से आगे है। राहुल की बात करें तो उन्होंने सेंचुरियन टेस्ट में पहली पारी में सेंचुरी जड़ी।

## लिफ्ट में एक घंटे तक फंसे रहे , इंस्टाग्राम पर शेयर किया पूरा वाकया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ गुरुवार को मेलबर्न के एक होटल में लिफ्ट में फंस गए। वो लगभग एक घंटे तक लिफ्ट में फंसे रहे। लिफ्ट से निकलने के लिए स्मिथ और उनके साथी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने इस घटना की



इंस्टाग्राम पर लाइव स्ट्रीमिंग भी की। लाबुशेन ने एक रॉड की मदद से लिफ्ट का दरवाजा खोलने की कोशिश करते हुए स्मिथ को कुछ चॉकलेट भी दी। तब वह होटल में टेक्नीशियन की मदद का इंतजार कर रहे थे। वहीं स्मिथ ने ये पूरा वाकया अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया। स्मिथ ने इंस्टाग्राम स्टोरी में कहा, 'मैं अपनी मंजिल पर हूं। मैं यहां पर खड़ा हूं लेकिन दरवाजे नहीं खुल रहे हैं। जाहिर तौर पर यह काम नहीं कर रहा है। मैंने दरवाजा खोलने की कोशिश की है। मैंने इस तरफ को खोल दिया है, दूसरी तरफ मार्नस (लाबुशेन) इसे खोलने की कोशिश कर रहा है, जिसका कोई फायदा नहीं हुआ है। मैंने जैसी शाम के बारे में सोचा था, ईमानदारी से कहूं तो यह वैसी नहीं रही।' टेक्नीशियन ने आखिरकार जब दरवाजा खोलने में सफलता हासिल की और स्मिथ बाहर निकले तो ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथियों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया।

## बांग्लादेश को 103 रनों से हराकर भारत फाइनल में पहुंचा, श्रीलंका से होगी खिताबी भिड़ंत



**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में जगह बना ली है। भारत शुक्रवार को श्रीलंका के साथ फाइनल में भिड़ेगा। ये 8वीं बार है जब टीम इंडिया की अंडर 19 टीम एशिया कप के फाइनल में पहुंची है। भारत ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 103 रनों से हराया। 244 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम 38.2 ओवर में 140 रनों पर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश की तरफ से अरिफुल इस्लाम से सर्वाधिक 42 बनाए। भारत की ओर से राजवर्धन, रवि कुमार, राज बावा और वक्किी ने दो-दो विकेट लिए।

इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर भारत से पहले बल्लेबाजी करने को कहा। भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। इसके बावजूद भारत ने बांग्लादेश के सामने 244 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। शकील राशिद ने भारत की तरफ से नाबाद 90 रन बनाए और वो टीम इंडिया के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 108 गेंदों पर 90 रन बनाए। उनके अलावा निचले क्रम में राजवर्धन ने सात गेंदों में 16 और विक्की ने 18 गेंदों पर 28 रन की तूफानी पारी खेली। टीम इंडिया के कप्तान कप्तान यश धुल ने 26, राज बावा ने 23 और इनफॉर्म बल्लेबाज हरनूर सिंह ने 15 रन बनाए। इससे पहले श्रीलंका ने दुबई में खेले गए पहले सेमीफाइनल में एशिया कप 2012 के संयुक्त विजेता पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 22 रन से हरा कर पांचवीं बार टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई। भारत की बात करें तो वो ग्रुप-ए के अपने तीन में से दो मैचों में जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में पहुंची थी।

## विनोद कांबली ने घर की दीवारों पर लगा रखी हैं खुद की और सचिन की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** नेशनल दोस्ती का भी एक साइंटिफिक रीजन है जो कहती है अगर आपको लंबी उम्र चाहिए तो अपने दोस्तों की संख्या बढ़ाइए। अमेरिका की ब्रिघम यंग यूनिवर्सिटी में हुई एक रिसर्च कहती है दोस्त न होना बढ़ते मोटापे से भी ज्यादा खतरनाक है, जान को जोखिम बढ़ाता है। सबसे अच्छा दोस्त वही है जो आपके कभी अकेला नहीं छोड़ता, अपनों के दूरी बनाने के बाद भी नहीं। और जब हम इंडियन क्रिकेट टीम की बात करें तो सचिन और विनोद कांबली की दोस्ती जो सबके लिए एक मिसाल मानी जाती है। ये वो यार हैं, जो साथ में खेलते थे और पढ़े हैं और दोनों ने अपना क्रिकेट का करियर भी साथ ही में शुरू किया था। इनकी दोस्ती के किस्से हम सभी ने कई बार विनोद कांबली के सोशल मीडिया पर पढ़े भी हैं।



लेकिन आज विनोद कांबली ने अपने फैन्स के लिए अपने घर का वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने अपनी और सचिन तेंदुलकर के साथ खींची तस्वीरों को फोटोफ्रेम कर अपने घर की दीवारों पर लगा रखा है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है और फेन्स इससे काफी पसंद भी कर रहे है। इस वीडियो को शेयर करने के ही विनोद लिखते हैं कि दोस्ती के मायने हर कोई समझ नहीं पाता, क्योंकि शायद हर किसी को एक अच्छा और सच्चा दोस्त नहीं मिलता। मैं बहुत खुशनसीब हूं कि सचिन जैसा यार मेरे पास है। मेरे घर के इस कोने में सिर्फ ऐसी खुबसूरत यादें हैं जिन्हें मैं पूरी जिंदगी संभाल कर रखूंगा और ये बुनी हुई हैं इन तस्वीरों से। एक समय था जब क्रिकेट कोच रमाकांत आचरेकर के दो होनहार शिष्य एक-दूसरे के बहुत ही बड़े जिगरी दोस्त हुआ करते थे। दोनों की दोस्ती की मिसाल यदा-कदा अखबारों में पढ़ने को मिल जाती थी। दोनों ने ही अपने करियर की शुरूआत एक साथ एक ही कोच (रमाकांत आचरेकर) की क्षत्रछाया में रहकर की। दोनों में ही महान बनने की क्षमता थी लेकिन बाद में ऐसा क्या हुआ कि दोनों के रास्ते अलग-अलग हो गए। उनमें से एक तो महान बन गया लेकिन दूसरा अपनी पहचान के लिए लड़ रहा है. बात हो रही अपने समय के बल्लेबाज विनोद कांबली और महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की।

गौरतलब है कि कांबली और सचिन की दोस्ती उस उम्र से है जब दोनों 10 साल के थे और मुंबई के शारदाश्रम स्कूल में कक्षा सात के छात्र थे। दोनों की पहली मुलाकात रमाकांत आचरेकर की क्रिकेट कोचिंग में हुई थी। यहीं पर कोच रमाकांत आचरेकर ने दोनों को क्रिकेट की हर बारीकियों को बताया। उन्होंने बचपन से ही दोनों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उधर सचिन और कांबली भी एक समर्पित शिष्य की तरह कोच की हर सीख को बड़े ही संजीदगी से लेते थे।

## चौथे टेस्ट में टीम के साथ नहीं होंगे इंग्लैंड के हेड कोच क्रिस सिल्वरवुड

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खेमे में कोरोना संक्रमण के सात मामले आने के बाद हेड कोच क्रिस सिल्वरवुड क्वारंटाइन में रहेंगे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे एशेज टेस्ट के दौरान टीम के साथ नहीं होंगे। इंग्लैंड टीम के किसी सदस्य के परिजन के संक्रमित पाए जाने के बाद सिल्वरवुड को क्वारंटाइन में रहना होगा। हालांकि उन्हें कोरोना संक्रमण होने के कोई संकेत नहीं है। वह अपने परिवार के साथ दस दिन मेलबर्न में ही क्वारंटाइन में रहेंगे जहां तीसरा टेस्ट खेला गया था। चौथा टेस्ट पांच जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। इंग्लैंड तीनों टेस्ट हार चुका है और ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की विजयी बढत बना ली है। इंग्लैंड ने बताया कि परिवार के एक सदस्य की जांच रिपोर्ट बुधवार को आई। आज भी कई दौर में पीसीआर टेस्ट होंगे। सोमवार से अब तक हुई जांच में इंग्लैंड के सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्य और परिवार के चार सदस्य संक्रमित पाए गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस बीच बताया कि आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और सिडनी टेस्ट के लिये मैच रैफरी डेविड बून भी कोरोना पॉजिटिव पाये गए हैं। उनकी जगह स्टीव बर्नार्ड मैच रैफरी होंगे। बयान में कहा गया कि बून के 14 जनवरी से होबार्ट में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट तक वापसी की उम्मीद है। उन्हें कोई लक्षण नहीं है और उन्हें टीके के दोनों डोज के साथ बूस्टर भी लग चुका है। टीम को शुक्रवार को सिडनी रवाना होना है। दोनों टीमें चार्टर्ड उड़ान से सिडनी जाएंगे और समूचे होटल को उनके लिए रिजर्व किया गया है।

## विराट कोहली ने बताया, किन खिलाड़ियों की वजह से पहले टेस्ट में मिली जीत

**नई दिल्ली।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट मैच में 113 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन टीम इंडिया के गेंदबाजों ने साउथ अफ्रीका को दूसरी पारी में 191 रनों पर ऑलआउट कर दिया। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट चटकाए। इस जीत के बाद टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान विराट कोहली काफी खुश नजर आए। उन्होंने मैच के बाद कहा कि एकदम परफेक्ट शुरूआत। एक दिन बारिश की वजह से धुल



गया। ये दिखाता है कि हम कितना अच्छा खेले। केएल राहुल को पहली पारी में शतक जड़ने के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। विराट ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में कहा, 'हमें एक शानदार शुरूआत मिली। ये समझना होगा कि एक दिन धुल गया था, ये दिखाता है कि हमने कितना अच्छा खेला। सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना हमेशा मुश्किल होता है। बल्लेबाजों ने अनुशासन दिखाया। विदेश में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना कठिन चुनौती है। इसका श्रेय मयंक और राहुल को जाता है, जिस तरह से वो सेट हुए। हमें पता था कि हम 300-320 से अधिक रन बनाने पर हम आगे होंगे। मुझे पता था कि गेंदबाज अपना काम करेंगे।

विराट ने आगे कहा, 'बुमराह ने कहा कि चेंज रूम में इसके बारे में बात हुई थी। तथ्य है कि बुमरा ने पहली पारी में ज्यादा गेंदबाजी नहीं की, इससे दक्षिण अफ्रीका को 40 रन ज्यादा मिल गए। जिस तरह से ये एस साथ गेंदबाजी करते हैं वो हमारी टीम के कठिन परिस्थितियों में रिजल्ट प्राप्त करने की एक बानगी है।

## दानिश कनेरिया ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान से मिली हार के बाद मोहम्मद शमी को ट्रोल करने वालों को लताड़ा, कही ये बात

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पाकिस्तान से टी-20 वर्ल्ड कप में मिली हार के बाद बाद सोशल मीडिया पर ट्रोल किए जाने और खुद को गद्दार और पाकिस्तानी कहे जाने से परेशान काफी परेशान थे। हालांकि शमी के कोच ने उन्हें इन बातों पर ध्यान न देने की सलाह भी दी थी और कहा था कि वो आगे आने वाली दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली सीरीज पर अपना पर फोकस करें। शायद शमी ने अपने कोच की बात को काफी गंभीरता से लिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी की। कई दिग्गज प्लेयर्स उनके इस प्रदर्शन की तारीफ कर रहे है।




शमी को ट्रोल करने वाले मुद्दे पर सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कानेरिया ने शमी के लिए हाल ही में एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने फैंस को इस तरह से ट्रोल करने के लिए मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। वो लिखते हैं कि शमी को टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान उनके प्रदर्शन के लिए काफी ट्रोल करने वालों को इस बार शमी की तरफ से अच्छा जवाब मिल गया है। देखिए आज शमी ने अपने 200 टेस्ट मैच भी पूरे कर लिए है और साथ ही में एक शमी एक बेहतरीन गेंदबाज भी भारतीय टीम के लिए साबित भी हुए है। तो सभी के लिए अच्छा यही रहेगा की न सिर्फ शमी बल्कि हर क्रिकेटर की इज्जत करना सीखिए।

दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-12 स्टेज में भारत को अपने पहले मैच में पाकिस्तान से बुरी तरह शिकस्त झेलनी पड़ी। जिसके बाद शमी सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाने लगा।

# बिहार में बवाल : खाद न मिलने पर किसानों ने हाईवे किया जाम तो पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**नरपतगंज,अररिया।** बिहार में खाद लेने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे किसानों ने फोरलेन हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम हटाने के लिए पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को खदेड़ दिया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। बवाल बढ़ता देखकर पुलिस ने हवाई फायरिंग करते हुए आंसू गैस के गोले भी छोड़े। फिलहाल भारी हंगामे और तोड़फोड़ के चलते पूरा बाजार पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। हालांकि आक्रोशित लोगों का प्रदर्शन जारी है। हंगामे की और तोड़फोड़ की खबर पाकर फारबिसगंज डीएसपी राम पुकार सिंह व एसडीओ सुरेंद्र कुमार अलबेला बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ हाईवे पर पहुंचे। अफसर आक्रोशित लोगों को समझाने के प्रयास में जुटे रहे।

## आक्रोशित लोगों ने गाड़ियों में की तोड़फोड़



जानकारी के अनुसार गुरुवार को नरपतगंज उच्च विद्यालय मैदान में 09 पंचायतों के लोगों को बीच यूरिया वितरण करने का निर्देश अधिकारियों द्वारा दिया गया था लेकिन आधी रात के बाद से ही हजारों की संख्या में किसान स्कूल परिसर के बाहर जमा हो गए। सुबह जैसे ही गेट खुला तो भीड़ गेट के अंदर घुसने लगी भीड़ में भगदड़ मच गई। भीड़ में लोगों के नीचे दबने से एक दर्जन से ज्यादा महिलाएं समेत लोग जख्मी हो गए। पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल फैल गया। सभी को इलाज के लिए नरपतगंज अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर फारबिसगंज से डीएसपी व एसडीओ भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर तत्काल सुबह के समय जाम हटवा दिया। लाइन लगवाकर अधिकारियों की मौजूदगी में खाद का वितरण शुरू हुआ। दोपहर के बाद अचानक पोस मशीन का लिंक खराब होने के बाद खाद वितरण बंद हो गया। इसके बाद आक्रोशित भीड़ हाईवे को जाम कर प्रदर्शन करने लगी। इसी दौरान भीड़ हटाने के लिए पुलिस ने किसानों पर लाठीचार्ज कर दिया। जवाब में आक्रोशित किसानों की भीड़ ने रोड़े पत्थर लाठी-डंडे के साथ पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया।

हाइवे पर जाम में फंसे करीब एक दर्जन से ज्यादा वाहनों को शीशे आदि तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। बड़ी संख्या में पुलिस बल समेत किसानों की भीड़ फोरलेन पर जमा होकर प्रदर्शन कर रही है। वहीं करीब चार घंटे से फोरलेन हाईवे जाम होने के कारण जाम में हजारों की संख्या में गाड़ी फंसी हुई है। इस संदर्भ में फारबिसगंज एसडीओ सुरेंद्र कुमार अलबेला ने बताया कि यूरिया को लेकर किसानों द्वारा हंगामा करने के बाद पुलिस के ऊपर पत्थरबाजी की गई है। बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

# अमेठी की पीड़ित लड़की से प्रियंका गांधी ने फोन पर की बात, बोलीं-मैं तुम्हारे साथ हूं...

**लखनऊ, अमेठी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अमेठी की पीड़िता किशोरी से फोन पर बात की और कहा कि मैं तुम्हारे साथ हूं और दोषियों को सजा दिलवाने के लिए पुरजोर तरीके से लड़ाई लड़ूंगी। दलित बच्ची को पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि आरोपियों को 24 घंटे में पकड़िए, वरना बड़ा आंदोलन होगा। वहीं दूसरी ओर, अमेठी में पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर लड़की को सुरक्षा देने व फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। इससे पहले दलित किशोरी को न्याय दिलाने के लिए जन आक्रोश मार्च में शामिल होने आए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह लल्लू को जब पुलिस ने रोका तो वह धरने पर बैठ गए। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। फिर बाद में लल्लू को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पीड़िता से मिलने के लिए अनुमति दी गई।



बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने वीडियो ट्वीट करते हुए 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। प्रियंका के ट्वीट के 12 घंटे के भीतर ही पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को कांग्रेस पार्टी ने जन आक्रोश मार्च निकालने की कोशिश की। जिसमें शामिल होने के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह लल्लू भी पहुंचे। पुलिस ने मार्च निकालने की अनुमति ना होने की बात कहकर रोक लिया। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर नोकझोंक भी हुई। नाराज प्रदेश अध्यक्ष गांधी चौक के पास ही सड़क पर धरने पर बैठ गए। जिस पर पुलिस ने उन्हें व कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, नरेंद्र मिश्र, देवमणि तिवारी, अरविंद चतुर्वेदी के साथ संगठन के कई अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी को पुलिस लाइन ले जाया गया। जहां से एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पीड़िता और उसके परिवार से मिलने की अनुमति दी गई। प्रदेश अध्यक्ष लल्लू ने कहा कि पूरे प्रदेश में दलित समाज के लोग के लोगों पर अत्याचार हो रहा है। इस घटना में 15 दिनों तक पुलिस अपराधियों को बचाने का प्रयास कर रही थी। इसमें भाजपा नेताओं सरकार व पुलिस प्रशासन का अपराधियों को संरक्षण प्राप्त है। महासचिव प्रियंका गांधी ने जब मामले को संज्ञान लिया उसके बाद पुलिस सक्रिय हुई।

# उत्तराखंड में पर्वतीय किसानों की हो रही दुर्दशा : राकेश टिकैत

**काशीपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि उत्तराखंड के किसानों का बुरा हाल है। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र के किसानों की भी दुर्दशा हो रही है। यहां खाद, बिजली, पानी सभी की दिक्कत हैं। किसानों की उपज की एमएसपी पर खरीद नहीं हो रही है। पहाड़ से पलायन हो रहा है। मुख्यमंत्री से वार्ता कर उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र के किसानों को हिमाचल की तरह ट्रांसपोर्ट सब्सिडी, हिल पॉलिसी की सुविधा देने के लिए कहा गया है। गुरुवार को राकेश टिकैत जसपुर बस अड्डे के पास एक प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत सरकार एक पार्टी को फायदा देने की कोशिश कर रही है। वह प्रधानमंत्री के पहरे पर बैठे हैं। यदि एक पार्टी को फायदा दिया जाएगा तो उसका विरोध करेंगे। इस पर पूरी निगाह रखी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के हल्द्वानी दौरे के बारे में पूछने पर टिकैत ने कहा कि अभी चुनावी घोषणाओं का दौर चल रहा है। कुछ दिनों में आचार संहिता लग जाएगी। काम कब करेंगे यह पता नहीं। देश में रोजगार नहीं हैं, नौजवान त्रस्त हैं सिर्फ घोषणाओं से देश नहीं चलने वाला है। इस मौके पर यहां जगतार सिंह बाजवा, जितेंद्र सिंह जीतू, मनोज जोशी, बलजिंदर सिंह संधू भी मौजूद रहे। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भाजपा की हल्द्वानी रैली पर चुटकी लेते हुए कहा कि अभी कोरोना नहीं आएगा। अगर कोई अन्य रैली करेगा, तो कोरोना पहुंच जाएगा। कोरोना रात 11 से सुबह पांच बजे तक अंधेरे में आता है। जो दिन में नहीं दिखता। टिकैत ने कहा कि सरकार कोरोना का बहाना लेकर कोई ऐब जरूर करेगी।



### उत्तराखंड को 17,500 करोड़ का तोहफा दे बोले पीएम मोदी-

# लखवाड़ परियोजना पर खत्म होगा 45 साल का इंतजार, 6 राज्यों को फायदा



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में 17,500 करोड़ रुपये की 23 विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। 23 परियोजनाओं में से 14,100 करोड़ रुपये की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। ये परियोजनाएं सिंचाई, सड़क, आवासीय स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति सहित कई सेक्टर से संबंधित हैं। इन सभी योजनाओं में से 5750 करोड़ रुपये की लखवाड़ बहुउद्देश्यीय परियोजना सबसे महत्वपूर्ण योजना है। लखवाड़ जल विद्युत परियोजना का ख्वाब 45 साल बाद जाकर पूरा होगा। इस योजना से उत्तराखंड, दिल्ली सहित छह राज्यों को फायदा पहुंचेगा। हल्द्वानी में गुरुवार को आयोजित चुनावी सभा में छह अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है जिसमें सड़क चौड़ीकरण परियोजनाएं, पिथौरागढ़ में एक पनबिजली परियोजना और नैनीताल में सीवरेज नेटवर्क में सुधार से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लागत 3,400 करोड़ रुपये है। उत्तराखंड में बनने वाली तीन सौ मेगावाट की लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना की कुल लागत का 90 प्रतिशत केंद्र सरकार खुद वहन करेगी। इस योजना से उत्तराखंड को बिजली और देश के अन्य राज्यों को पानी मिलेगा।

## 13 जिलों में पानी की आपूर्ति और गरीबों के लिए 2500 से ज्यादा आवास

**नैनीताल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड के हल्द्वानी में 17,547 करोड़ रुपये की विभन्नि विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।पीएम मोदी ने हल्द्वानी में एक जनसभा को भी संबोधित किया। इससे पहले पीएम मोदी अपराह्न 1.45 बजे हल्द्वानी पहुंचे और वहां से सीधे एमबी महाविद्यालय के मैदान गए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने वहां उनकी आगवानी की।

## 'भगवान राम का अपमान करने वालों पर कब कार्रवाई करेगी भूपेश सरकार?' पूर्व सीएम रमन सिंह बोले- जनता पूछ रही सवाल



**रायपुर।** राजधानी की रायपुर में आयोजित धर्म संसद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अपशब्द कहने वाले कालीचरण महाराज की खजुराहों से गिरफ्तारी को लेकर छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में सियासत गर्म है। एमपी में हिंदू महासभा कालीचरण की गिरफ्तारी का विरोध किया तो वहीं कांग्रेस-भाजपा के नेता एक दूसरे पर तंज कस रहे हैं। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के ऊपर कोई टिप्पणी बर्दाश्त नहीं हो सकती। कानून को अपना काम करना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार भगवान राम का अपमान करने वाले, उनके लिए अपशब्द बोलने वाले, उनको दुष्ट कहने वाले पर भूपेश सरकार कब कार्रवाई करेगी। यह छत्तीसगढ़ की जनता पूछ रही है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह गुरुवार को बालोद जिले के गुंडरदेही स्थित ईरागुड़ा में बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। दुर्ग व बालोद में मीडिया से चर्चा करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार भगवान श्रीराम का अपमान करने वाले, उन्हें अपशब्द और दुष्ट कहने वाले के खिलाफ भूपेश सरकार कब कार्रवाई करेगी। छत्तीसगढ़ की जनता यह पूछ रही है। कालीचरण की गिरफ्तारी व कार्रवाई पर उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के ऊपर कोई टिप्पणी बर्दाश्त नहीं हो सकती। कानून को अपना काम करना है। निकाय चुनाव में भाजपा की हार पर उन्होंने कहा कि सरकार ने धन बल और सरकार का दुरुपयोग किया है। पार्टी फोरम में पदाधिकारियों ने इस बात मंथन किया है। भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश से कालीचरण की गिरफ्तारी पर डॉ. रमन ने कहा कि सवाल भाजपा शासित राज्य में गिरफ़्तारी का नहीं है।

# बुआ-बबुआ, बहन मिल जाएं फिर भी नहीं गलेगी दाल...

## जनविश्वास यात्रा से जनता का विश्वास जीतने मुरादाबाद पहुंचे शाह

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में गुरुवार को पहुंची जन विश्वास यात्रा में आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सपा पर सबसे ज्यादा हमलावर दिखे। बसपा और कांग्रेस को भी नहीं बख्शा। साफ कहा कि अब तो बुआ, बबुआ और बहन तीनों मिल जाएं तो भी भाजपा कार्यकताओं के आगे उनकी दाल नहीं गलने वाली। जनता के लिए सवाल भी उछाला कि उन्हें प्रदेश में मोदी-योगी जैसा ैनिजामै चाहिए या फिर भ्रष्टाचार-आतंकवाद वाला। निजाम को उन्होंने नसीमुद्दीन, इमरान मसूद, आजम खां और मुख्तार अंसारी से परिभाषित किया। बुद्धि विहार स्थित मैदान में आयोजित जनसभा में गृह मंत्री ने कहा कि 2014 से शुरू हुआ जीत का सिलसिला जारी है। भाजपा का कार्यकर्ता इस बार यूपी में विजय का जश्न तभी मनाएगा जब पार्टी 300 से ज्यादा सीटें पार कर लेगी। बुआ-बबुआ के शासन में पश्चिमी यूपी में क्या होता था, किसी से छिपा नहीं है। लोग पलायन करते थे। अब पलायन करवाने वाले पलायन



कर गए। अखिलेश यादव के शासन में 700 दंगे हुए थे। चौधरी चरण सिंह का प्रदेश तब लहूलुहान हुआ करता था। अब योगी सरकार में किसी की हिम्मत नहीं कि आंख उठाकर देखे।

गृहमंत्री ने कहा कि सपा ने राम भक्तों ने गोलियां चलवाईं थीं लेकिन मोदी राज में अयोध्या में गगनचुंबी राम मंदिर बनने जा रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश बाबू राम मंदिर का निर्माण नहीं रोक पाएंगे। पिछली सरकार में नेता कहते थे लड़के हैं, गलती हो जाती है और अब भाजपा की सरकार में किसी की मजाल नहीं जो बहन-बेटी से छेड़छाड़ करे। गृह मंत्री ने भाजपा सरकार के विकास कार्यों को गिनाते हुए एक्सप्रेस वे, औद्योगिक कॉरिडोर, गन्ना भुगतान का जिक्र किया। साथ ही कहा कि हमने पाकिस्तान को घर में घुसकर जवाब दिया और धारा 370 को उखाड़ फेंका। गृह मंत्री ने जनता से ही सवाल किया कि हमने ट्रिपल तलाक हटाया, अच्छा किया या बुरा किया? आज मुस्लिम माताओं को अधिकार है कि वे आजादी से जिएं लेकिन अखिलेश नहीं चाहते कि मुस्लिम माताओं को आजादी मिले। सपा ने प्रदेश को ह्यलैबह्ल (एलएबी यानी लूट, आतंकवाद, बलात्कार) बना दिया गया था। आज लूट की रकम बोरों में बरामद हो रही है। रामपुर के नजदीक रहने के कारण आजम खां के आतंक को अच्छी तरह जानते हैं। आज आजम जेल में हैं। क्या आप चाहते हैं कि आजम खान जैसे लोग जेल से बाहर आएं... लोगों ने नहीं जवाब देकर उनका समर्थन भी किया।

## यूपी में कोरोना की तीसरी लहर ! तीन दिन में पांच गुना बढ़े संक्रमित मरीज

**लखनऊ।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामलों में बहुत तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। बीते 24 घंटे में प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 193 नए मामलों की पुष्टि हुई है। वहीं, महज 72 घंटे में संक्रमण के मामले बढ़कर तकरीबन पांच गुने हो गए हैं। इतने केस जून के बाद अब मिले हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि 193 नए संक्रमित मिलने के साथ पिछले 30 दिन में कुल सक्रिय मामलों की संख्या 89 से बढ़कर 645 पहुंच गई है। प्रदेश में बीते 24 घंटे में कुल 1,86,552 कोविड सैंपलों की जांच की गई। वहीं 21 लोग कोविड-19 के संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं। बता दें कि एक दिन पहले बुधवार को 118 संक्रमित मिले थे।

# पिछले सरकारों की लटकी-भटकी और अटकी योजनाएं हम पूरी कर रहे : अनुप्रिया पटेल

**कानपुर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने गुरुवार को कहा कि पुरानी सरकारों की लटकी-भटकी-अटकी परिजनाएं सरकार पूरी कर रही है। केंद्र व योगी की सरकार ने तय किया है कि किसी भी परियोजना का शिलान्यास हम करेंगे तो लोकार्पण भी करेंगे। विकास कार्यों के चलते प्रदेश की जनता हमारे गठबंधन को स्वीकारेगी। प्रदेश में अपना दल (एस) की सीटों के बंटवारे पर बातचीत चल रही है। सर्किट हाउस में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि यह हमारा समर्पण है कि काम पूरा करेंगे। हम अच्छी नीयत व काम से आगे बढ़ेंगे। जनता यह समझ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ तीन चुनाव लड़ चुके हैं। अपना



दल (एस) की भाजपा से प्रदेश के चुनाव में सीटों के बंटवारे के लिए बात चल रही है। प्रदेश में कई सीटों की सूची बनी है। अंतिम फैसला होने पर सीट पर बात हो सकती है। अभी बंटवारे की बात किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। कानपुर में कोई प्रत्याशी उतरेगा, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी कुछ भी तय नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई दल सामने आते हैं। खुद को आजमाते हैं। अपना दल व भाजपा गठबंधन के परिणाम अच्छे आए हैं। पिछले पांच साल में इस गठबंधन की विकास यात्रा बढ़ी है। अभी प्रधानमंत्री मेट्रो की सौगात दे गए। प्रदेश में एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। नए एयरपोर्ट बन रहे हैं। नया एम्स बन गया है।

**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506

# 2022 में इमरान खान की राह बेहद मुश्किल, सत्ता से हो सकते हैं बाहर?

**नईदिल्ली।** पाकिस्तान में इमरान सरकार की दिक्कतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इमरान सरकार एक साथ आतंकवाद, आर्थिक, सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ की अंदरूनी राजनीति आदि से जूझ रहे हैं। ऐसे में ऐसे सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या इमरान सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर पाएगी। आइए समझने की कोशिश करते हैं कि 2022 में इमरान खान को किस तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इमरान सरकार की हालात इस केस में चित्त और पट्ट दोनों केस में हार की है। सरकार मिनी बजट की तैयारी में है। यदि पाकिस्तान



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टऋ) में फिर से एंट्री चाहता है तो इस बजट को संसद से पारित किया जाना जरूरी है। पिछली कैबिनेट में इमरान सरकार के सहयोगी दल इस बजट के विपक्ष में थे। सहयोगी दल के नेताओं को डर है कि इससे विनाशकारी मुद्रास्फीति लहर पैदा होगी और इससे और जोर का झटका लगेगा। ढळक के टॉप के नेता भी इस बजट को लेकर साफ नहीं है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि सरकार अगर इस विधेयक से बच भी जाती है तो क्या इसके प्रभावों से बच पाएगी?

सत्ताधारी पार्टी का एक धड़ा मानता है कि ढटछ-ठ पार्टी के कार्यकताओं को बहुत बदनाम किया गया है। उन्हें जेलों में डाल दिया गया है। ऐसे में वह भुत कुछ खोए बिना अपने समर्थकों के साथ वापसी को तैयार हैं। पाकिस्तान की राजनीति पर नजर रखने वाले लोगों का मानना है कि नवाज शरीफ लौटें या नहीं लेकिन पार्टी जरूर लौट सकती है।

## यूके से कोलकाता आने वाली सभी उड़ानों पर बैन, बढ़ते कोरोना मामलों के बीच पश्चिम बंगाल सरकार ने लिया फैसला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने यूके से कोलकाता हवाई अड्डे के लिए आने वाली सभी उड़ानों को निलंबित करने का फैसला किया है। राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक 3 जनवरी से यूके से कोलकाता आने वाली सभी उड़ानों पर बैन रहेगा। बंगाल के अपर मुख्य सचिव बी पी गोपालिका द्वारा नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव राजीव बंसल को लिखे पत्र में उन्होंने राज्य सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा, ₹मुझे आपको सूचित करना है कि विश्व स्तर पर और साथ ही देश के भीतर ओमिक्रॉन मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, राज्य सरकार ने अस्थायी रूप से और अगले आदेश तक 3 जनवरी, 2022 से यूनाइटेड किंगडम से कोलकाता के लिए सभी



सीधी उड़ानों को निलंबित करने का निर्णय लिया है। यूके भारत सरकार द्वारा अधिसूचित एक 'जोखिम वाला' देश है, इसलिए यहां से राज्य में उड़ानों को अनुमति नहीं दी जाएगी और जारी किए गए किसी भी एनओसी को वापस ले लिया जाएगा। इसके अलावा, 3 जनवरी, 2022 से, अन्य गैर-जोखिम वाले देशों से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के माध्यम से पश्चिम बंगाल आने वाले सभी यात्रियों को अपने खर्च पर आगमन पर अनिवार्य रूप से एक कोविड टेस्ट से गुजरना होगा। एयरलाइंस आरटी-पीसीआर टेस्ट के लिए 10% यात्रियों का रैंडम ढंग से चयन करेगी और शेष 90% को आगमन पर हवाई अड्डे पर रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) से गुजरना होगा।